आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी 02:07 तक उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 3 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 223, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14
लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक होगा नामांकन

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी सूचना के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

## हवा में उखड़ा स्पाइसजेट विमान की खिड़की का फ्रेम

**मुंबई।** गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइंस की तरफ से बुधवार को कहा गया कि अगले (पुणे) हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया। एयरलाइन ने कहा कि क्यू400 विमान में से एक की कॉस्मेटिक (आंतरिक) खिड़की का फ्रेम उड़ान के दौरान ढीला हो गया और उखड़ गया। स्पाइसजेट ने यह भी कहा कि पूरी उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

# नेशनल हेराल्ड केस : एजेएल के अधिग्रहण में हुआ था फर्जी लेनदेन

### राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी के दावे से सोनिया-राहुल की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। ईडी की तरफ से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है।

एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था। एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड



(एजेएल) को किए गए फर्जी लेनदेन में शामिल थे। ईडी के मुताबिक, कांग्रेस के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से किराए का भुगतान किया था। इन लेन-देन के साथ फर्जी किराया रसीदें तैयार की गई थीं। ईडी ने दावा किया कि साजिश थी कि यंग इंडिया के माध्यम से 2,000 करोड़ की संपत्ति कब्जे में लेकर 90 करोड़ का कर्ज लिया जाए। नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई।

### 50 लाख में बेच दी एजेएल की संपत्ति

ईडी ने ये भी बताया कि कांग्रेस कमेटी ने सार्वजनिक टेंडर निकाले बिना एजेएल की संपत्ति यंग इंडिया को 50 लाख रुपये में बेच दी, जबकि एजीएल की संपत्ति 2,000 करोड़ की थी। यंग इंडिया के पास इसे चुकाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके बाद यह मामला कोलकाता में शेल कंपनियों तक पहुंचा। एक करोड़ रुपय का लोन यंग इंडिया को दिया गया, जबकि इसकी बैलेंस शीट नेगेटिव थी। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि यंग इंडिया पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नियंत्रण था। दोनों ने मिलकर 76 प्रतिशत शेयर अपने पास रखे थे। वास्तव में ये दोनों इनके संचालन के लिए जिम्मेदार थे।

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी और समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त को समाप्त होगा। सत्र पहले निर्धारित कार्यक्रम की तुलना में एक सप्ताह अधिक समय तक चलेगा, जिसका मतलब है कि इस दौरान काफी कामकाज होगा।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 जुलाई से 21 अगस्त तक सत्र आहूत करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोहों के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी।

## प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

**विधि संवाददाता, लखनऊ**

- बच्चों की याचिका पर कोर्ट आज करेगी सुनवाई

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को स्कूली बच्चों की ओर से याचिका दाखिल करते हुए चुनौती दी गई है। मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

बुधवार को सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों की ओर से दाखिल याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश हुई। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले की सुनवाई अगले दिन करने का अनुरोध किया गया जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध होने की दलील दी है।

## दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है।

गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने

### पीक ऑवर में सरकार ने दी छूट

'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा।

## शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना (72) को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग

### अदालत की अवमानना में दोषी

की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत की समीक्षा के बाद आदेश पारित किया। ऑडियो क्लिप में हसीना गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील अकंद बुलबुल से कह रही हैं कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।






## एक नजर

### गुरुद्वारे को दान किया डेडबॉडी फ्रीजर



**मझोला, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित संतसर बाबा घोड़ा गुरुद्वारा साहिब को कस्बे के रहने वाले प्रदीप शर्मा ने डेडबॉडी फ्रीजर बॉक्स दान किया। दानदाता प्रदीप शर्मा ने बताया कि यह बॉक्स संत सर गुरुद्वारा को सपुर्द कर दिया गया है। वर्तमान प्रदीप उत्तराखंड के खटीमा में रहे हैं। वह मझोला में कई फुटबॉल टूर्नामेंट करा चुके हैं और खुद भी फुटबॉल प्लेयर हैं। इस मौके पर अमन शर्मा, कुलदीप शर्मा, हैप्पी शर्मा, तरुण शर्मा, राजा सिंह आदि मौजूद थे।

### इंटर कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**अमरिया, अमृत विचार :** कस्बे के इंटर कॉलेज में वन विभाग की टीम के साथ ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने पौधरोपण किया। सिंदूर, बॉटल ब्रश, जामुन, सहजन, तुलसी अमरूद के पौधे लगाए। दूसरों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर एसडीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, वन दरोगा शैलेंद्र कुमार, कौशलेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# जिम्मेदारों की लापरवाही और अब बारिश बनी मुसीबत

## 25 हजार की आबादी परेशान, निर्माणाधीन पुलिया के साथ ही बनाए गए रास्ते से गुजरने में चोटिल हो रहे लोग

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** एक साल पहले आई बाढ़ के बाद कई माह से आगामी संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन स्तर से तैयारियां की जाती रहीं, मगर पिछले साल बही पुलियों और सड़कों का सुधार नहीं कराया गया। काम शुरू भी हुए तो बारिश के नजदीक आने पर। नतीजतन अब बारिश होने के बाद राहगीरों की मुसीबत और बढ़ती जा रही है। जिम्मेदारों की ओर से बरती गई लापरवाही का खामियाजा उठाकर राहगीर चोटिल हो रहे हैं।

बता दें कि दियोरियाकलां से पिपरिया मंडन गांव होते हुए बरखेड़ा कस्बा तक आने वाली करीब 20 किमी की सड़क पर आवाजाही अधिक रहती है। इस मार्ग पर दर्जनभर से अधिक गांवों की 25 हजार से अधिक आबादी आवागमन करती है। पिछले साल पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदियां उफना गई थीं और नदी से सटे ग्रामीण इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए थे। इससे कई जगह सड़क, पुल, पुलियों को नुकसान पहुंचा था। इसी दौरान इस मार्ग पर बर्रामऊ गांव के आगे एक पुलिया बह गई थी। इसके बाद से ही ग्रामीणों की मुसीबत बनी हुई है, जिसका लंबे समय बाद भी सुधार जिम्मेदार नहीं करा सके हैं। इस मार्ग पर मिट्टी, रोड़े आदि बिछा दिए गए थे, जिससे छोटे वाहनों का सफर होता रहा। इसके बाद करीब तीन माह पहले केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से ग्रामीणों ने अपना दुखड़ा सुनाया और पुलिया के निर्माण की मांग रखी थी। इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने अधिकारियों को पुलिया का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद बीते दिनों पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया था। लोगों के आवागमन के लिए नजदीक से ही एक रास्ता तैयार कराया गया था, जिससे आवागमन चल रहा था। हालांकि टेंपो, मैजिक समेत अन्य वाहन सवारी को पैदल उतारकर निकल रहे थे।

पिछले तीन दिनों में हुई बारिश के बाद अब बदतर हालात बन चुके हैं। अस्थायी मार्ग पर बिछाई गई मिट्टी और रोढ़े अब दिक्कत का सबब बन गए हैं। इससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो रहा है। कई राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। अब मानसून दस्तक दे चुका है। ऐसे में आगामी दिनों में समस्या कम होने के बजाय और बढ़ना तय है। ग्रामीण भी इसे लेकर परेशान हैं। अभी तक सुधार न कराने को लेकर बरती गई लापरवाही पर परेशान हैं।



बर्रा मऊ गांव के पास चल रहा पुलिया का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार



पुलिया निर्माण के दौरान बनाए गए रास्ते पर धक्का देकर बाइक निकालते युवक।



पुलिया के निर्माण कार्य के दौरान नजदीक से आवाजाही को बनाया गया रास्ता पहले ही सही नहीं था। उस पर वाहन पलटने का डर रहता था। अब तो बारिश होने के बाद दिक्कत बहुत बढ़ गई है। लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। **– अमित गुप्ता**, ग्रामीण



पिछले साल आई बाढ़ में पुलिया बह गई थी। इसका समय रहते सुधार करा दिया गया होता तो अब दिक्कत नहीं होती। लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। **– कुंदनलाल**, ग्रामीण



इन दिनों बारिश के बाद इस मार्ग पर आवागमन करने में हादसे का डर बना हुआ है। वाहन पर सवार होकर निकलना बंद ही है। बारिश के दिनों में काम चल रहा है। ऐसे में समाधान कैसे होगा। **– माखनलाल**, ग्रामीण



समय के साथ साथ परेशानी भी अधिक हो रही है। अगर काम कराना ही था तो कुछ समय पहले करा लिया जाता। मगर उस वक्त किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब बारिश के बीच आवागमन ठप सा है। **– महताब गंगवार**, ग्रामीण

### अब लगाना पड़ रहा सात किमी लंबा चक्कर

दियोरियाकलां से बरखेड़ा की आवाजाही को लेकर करीब बीस किमी का सफर है। बर्रा मऊ, रम्पुरा नत्थू, परेवा अनूप, परेई, पैनिया रामकिशन, उमरिया, खरगापुर, दियोरिया खुर्द, रंभोजा समेत 20 गांव की आबादी इससे सफर करती है। इस पुलिया पर आई दिक्कत के बाद अब दौलतपुर होते हुए सफर करना पड़ रहा है। जिससे बताते हैं कि सात किमी अधिक चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसके अलावा सफर का रुख बदलने से दिक्कतें भी अधिक हो रही है।

### कई अन्य स्थानों पर भी बदतर बने हुए हालात

इस मार्ग के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अभी तक पिछले साल आई बाढ़ में बही पुलिया, कटी सड़क आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। जोकि बारिश नजदीक आने के बाद भी पूरा नहीं है। माधोटांडा रोड पर भी सड़ा गौटिया गांव के पास पुलिया बनवाई जा रही है। वहां पर भी बारिश के बाद हालात बदकर बने हुए हैं। बाइकें फंस रही है। सवारी लदे वाहन पलट रहे हैं। सुधार को लेकर बरती गई जिम्मेदारों की लापरवाही राहगीरों की परेशानी बढ़ा गई है।

## किसी भी दशा में शहर में न भरे बाढ़ का पानी: डीएम

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ को लेकर बाढ़ खंड और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक गांधी सभागार में बुधवार को हुई। जिसमें सर्वप्रथम अफसरों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यक्षेत्रों की जानकारी की गई।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि नहर के टूटने या फिर अन्य कोई घटना होने पर त्वरित कार्यवाही की जाए। आबादी वाले स्थानों के निकट बहने वाली नदी, नहरों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। खतरे वाले स्थानों पर लाल झंडी लगाना सुनिश्चित करें। नहर में नहाने पर रोक लगाने को लेकर बोर्ड पर वैधानिक कार्यवाही सम्बन्धी सूचना अंकित कराएं। शहर में बाढ़ का पानी किसी भी दशा में न भरने पाए। कन्ट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहे। कोई दुर्घटना होने पर कन्ट्रोल रूम को तुरन्त सूचना देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेई, नायब तहसीलदार लगातार ड्यूटी स्थल पर रहें। कोई भी इमरजेंसी होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं।

# सौरभ गंगवार बने यूपी बैंक इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला सहकारी बैंक में दैनिक बचत जमा योजना की भी शुरुआत

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बैंक इंप्लाइज यूनियन की पीलीभीत इकाई का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ। पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। संरक्षक पद पर अनिल कुमार अग्रवाल, सौरभ गंगवार अध्यक्ष, दिलीप कुमार उपाध्यक्ष, शशि सुमन जिला सचिव, सहायक जिला सचिव पद पर आकाश गुप्ता, दिनेश बाबू गुप्ता, बीके शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर विद्यावती चुनी गई। सभी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

इधर, जिला सहकारी बैंक में दैनिक बचत जमा योजना की शुरुआत बुधवार से की गई। सभापति सत्यपाल गंगवार ने जनपद के लघु एवं मध्यम वर्गीय व्यावसायियों, किसानों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन की दैनिक बचत को बैंक में जमा करने में कठिनाई न हो, इसके लिए योजना शुरू कराई गई। बैंक द्वारा चयनित जमा अभिकर्ताओं को माइको एटीएम मशीन दी गई। इस योजना के तहत चयनित जमा अभिकर्ता, खातेदारों के कार्य स्थल, आवास पर जाकर खाता खोलने के फार्म भरवाने के साथ ही व्यवसायियों, किसानों से सुबह दैनिक बचत जमा कराएंगे। प्रथम चरण में जनपद के शहरी/अर्द्धशहरी क्षेत्र की बैंक शाखाओं पीलीभीत, अमरिया, बीसलपुर, माधौटांडा, पूरनपुर, शाहगढ़ में संचालित किया जा रहा है। सीईओ आशीष कुमार श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



सम्मानित किए गए यूपी बैंक इंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारी।

## बीबीए प्रवेश परीक्षा में छात्रा आतिफा को मिली सफलता

**मझोला, अमृत विचार:** एसके पब्लिक स्कूल की छात्रा आतिफा मलिक ने बीबीए प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया पांचवीं रैंक हासिल कर जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में प्रवेश लिया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने हर्ष जताया। आतिफा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता और निरंतर अभ्यास को दिया। इसे गर्व का क्षण बताया। प्रबंधक जगजीत सिंह ने कहा कि आतिफा ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। वह हमारे स्कूल का गौरव हैं। प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, शैक्षणिक निदेशक राजेन्द्र सिंह ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



छात्रा आतिफा मलिक।

# मेडिकल कॉलेज में कराया प्रशिक्षण जूनियर रेजिडेंट्स को दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सेक्सुअल ऑफेंस के मामलों में सर्वाइवर की जांच से संबंधित था प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के जूनियर रेजिडेंट्स के लिए सेक्सुअल ऑफेंस के मामलों में सर्वाइवर की जांच से संबंधित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र फॉरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से कराया गया। इसका उद्देश्य चिकित्सा पेशेवरों को ऐसे मामलों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना रहा।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा के मार्गदर्शन में हुए प्रशिक्षण में फॉरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम चंद्र श्रीवास्तव और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ. रूपल खरे ने विस्तार से जानकारी दी। संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज केशवानी और डॉ. केके भट्ट ने किया। प्रशिक्षण में सेफ किट (यौन उत्पीड़न फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह किट) और चिकित्सकीय-वैधानिक प्रपत्र का उपयोग किया गया, जो सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार रहा। वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. शिवानी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में तैनात जूनियर रेजिडेंट्स ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। प्राचार्य ने बताया कि यह पहल जूनियर रेजिडेंट्स को सेक्सुअल ऑफेंस के सर्वाइवर के लिए चिकित्सकीय-वैधानिक रिपोर्ट अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने में सक्षम बनाएगी, जिससे अंततः कानून प्रवर्तन एजेंसियों को न्याय प्रदान करने में मदद मिलेगी।



मेडिकल कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जानकारी करते जूनियर रेजिडेंट्स।

## औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे कार्यों को डीएम ने परखा, दिए निर्देश

**मझोला,अमृत विचार:** डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा, मैसर्स एवी मौरी प्राइवेट लिमिटेड अमरिया का स्थलीय निरीक्षण किया। मैसर्स एवी मौरी के प्रतिनिधि अंशुल खेड़ा ने बताया कि कंपनी साल के अंत तक उत्पादनरत हो जाएगी। कम्पनी को 33 केवीए की विद्युत लाइन, पुलिस चौकी, बैंक शाखा खोलने की आवश्यकता है। यूनिट परिसर में कभी-कभार जंगली जानवर का आतंक होने से कर्मचारियों को कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर डीएम ने किसी तरह की दिक्कत न आने को लेकर आश्वस्त किया।

डीएम ने कंपनी परिसर में फलदार पौधे लगाए। इस दौरान डीएफओ वन एवं वन्यजीव प्रभाग डीके भरत, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार, गुलड़िया भिंडारा नगर पंचायत चेयरमैन निशान्त प्रताप सिंह ने भी पौधे लगाए। औद्योगिक क्षेत्र भरा-पचपेड़ा में कराए जा रहे यूपीसीडा द्वारा निर्माण कार्यों को भी डीएम ने देखा। निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र के रोड, नाली, बोरवेल, बिल्डिग, 45 मीटर इंटरेन्स गेट के कार्य को समय से कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर यूपीसीडा के अवर अभियंता धर्मेन्द्र कुशवाहा, कंपनी मैनेजर चंदन पांडे आदि मौजूद रहे।



भरा पचपेड़ा में निरीक्षण के दौरान जानकारी करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRTT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in




## शहर में आज

- नए शैक्षिक सत्र को लेकर परिषदीय स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5.30 बजे।
- गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष आरती पूजन शाम 7.30 बजे।
- सत्य नारायण मंदिर पर जरूरतमंदों को भोजन वितरण दोपहर 12 बजे।

## एक नजर

### मामूली कहासुनी के बाद मां-बेटे को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कहासुनी के बाद मां-बेटे की पिटाई कर दी गई। ग्राम मंडरा सुमन निवासी अवधेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का अजय कुमार, रवि, सोनू उर्फ सुधांशु और देवांश ने 28 जून की शाम 6:30 बजे जेसीबी लेकर आए। रंजिशन झोपड़ी, चबूतरा व बगीचा उखाड़ कर उजाड़ दिया। विरोध करने पर मारपीट की गई। बांका से वार करके घायल कर दिया। शोर सुनकर बचाने आई मां गेंदा देवी को भी पीटा। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### आपसी विवादों में मारपीट, दो घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसोली में विनोद कुमार गंगवार को आपसी विवाद में गांव के ही एक व्यक्ति ने पीट दिया। डंडे से वार करके लहूलुहान कर दिया गया। इधर, मोहल्ला गयासपुर निवासी कलीम को पुरानी रंजिश में मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने हमला कर घायल कर दिया। शोर पर जमा हुए आसपास के लोगों ने बचाया। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हमले में युवक घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी जयमाला गंगवार पत्नी पंकज कुमार ने अपने देवर पर आरोप लगाया कि 12 जून वह उसके कमरे में घुस आया। उसने वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने अपने पति से शिकायत की तो उसके पति को पीटा। सिर पर धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला अस्पताल की लिफ्ट में फंसे डीएफओ-सीएमओ

## गर्भवती महिलाओं को पौधा वितरित करने के लिए जा रहे थे वार्ड में, दूसरी मंजिल पर पहुंचते ही अटके

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब डीएफओ और सीएमओ समेत 10 अधिकारी अचानक लिफ्ट में फंस गए। सभी अधिकारी गर्भवती महिलाओं को पौधे वितरित करने के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दूसरी मंजिल पर पहुंचते ही तकनीकी खराबी के चलते लिफ्ट रुक गई। करीब 10 मिनट तक अधिकारी लिफ्ट में फंसे रहे, जिससे महिला अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मची रही। लिफ्ट इंजीनियर और कर्मचारियों की मदद से दरवाजा खोला गया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज के एमसीएच विंग का भवन बनने के पांच माह बाद ही यह लिफ्ट खराब हो गई थी, जिसके बाद उसे ठीक नहीं कराया गया। कोरोना काल में इस भवन में कोविड वार्ड संचालित किया जाता रहा। मगर लिफ्ट ठीक नहीं कराई गई। कार्यदायी संस्था को कई बार पत्र जारी किया गया है। फिर लिफ्ट ठीक नहीं हो सकी है। ऐसे मे गर्भवतियों और बीमार बच्चों को


लिफ्ट से बाहर आने के बाद गार्ड को बंद करने के निर्देश दिए देते सीएमएस।

लेकर परिवार वालों को सीढ़ियों या रैंप के सहारे पांच मंजिल तक जाना पड़ रहा था। लिफ्ट बंद होने की समस्या को लेकर कई बार अस्पताल प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया था। इसके बाद 14 जून को लखनऊ से आए लिफ्ट के इंजीनियर ने उसकी मरम्मत कर उसे ठीक कराया था। साथ ही कर्मचारियों और डॉक्टरों को प्रशिक्षण भी दिया था।

बुधवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के चलते डीएफओ भरत कुमार डीके प्रसूताओं को पौधे वितरित करने थे। पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह महिला अस्पताल पहुंचे। उनके साथ सीएमओ डॉ. आलोक कुमार,

- **लिफ्ट इंजीनियर के सहयोग से कुछ देर बाद खुलवाई गई लिफ्ट, अब दोबारा कराई गई बंद**

सीएमएस डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अश्वनी गुप्ता, डॉ. वंशिका, स्टाफ नर्स संदीप कौर समेत दस लोग थे। चौथी मंजिल पर बने वार्ड में जाने के लिए पहले वह सीढ़ियों से जा रहे थे। इस पर अफसरों ने लिफ्ट ठीक होने की जानकारी देते हुए उसे चलने की बात कही। इस पर अफसर लिफ्ट में सवार होकर निकले। जैसे ही लिफ्ट दूसरी मंजिल के करीब पहुंची तो अचानक लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई और जंप करते हुए बंद हो गई। लिफ्ट बंद होते ही डॉक्टरों ने पहले स्वतः प्रयास किया, लेकिन लिफ्ट नहीं खुली। इस पर सीएमएस डॉ. राजेश कुमार ने लखनऊ के इंजीनियर को कॉल कर लिफ्ट में फंसे होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही अस्पताल में खलबली मच गई। डॉक्टर और कर्मचारी उसे खोलने में जुट गए। करीब 10 मिनट के बाद लिफ्ट को प्रथम तल पर लाकर गेट खोला जा सका, जिसके बाद अफसरों ने राहत की सांस ली।


### फिर सीढ़ियों से वार्ड में पहुंचे अफसर

लिफ्ट में करीब 10 मिनट फंसने के बाद उनकी जान पर बन आई थी। गनीमत रही कि अंदर की लाइट और पंखा बंद नहीं हुआ। प्रयास के बाद उन्हें बाहर निकाला गया। बाहर आने के बाद अफसरों ने तत्काल लिफ्ट को बंद करने के निर्देश दिए। पांच मंजिल तक लिफ्ट के गेट पर स्ट्रेचर लगा दिए गए हैं, ताकि कोई लिफ्ट से न जाए। कुछ देर राहत लेने के बाद अफसर चौथी मंजिल तक सीढ़ियों के सहारे वार्ड में आए। जहां प्रसूताओं को पौधे वितरित करते हुए उनकी अपने बच्चों की तरह देखभाल करने की शपथ दिलाई।

### लगने के बाद दोनों बार ही फंसे अफसर

एमसीएच विंग के भवन का निर्माण पूरा होने के बाद वर्ष 2019 हैंडओवर हुई थी। तब से आज तक लिफ्ट केवल दो बार ही प्रयोग हो सकी। मगर अफसोस दोनों बार ही खराब हो गई। भवन हैंडओवर होने के बाद लिफ्ट का संचालन किया गया था, उस दौरान तत्कालीन सीएमएस डॉ. अनिता चौरसिया और भाजपा नेत्री समेत करीब पांच लोग फंस गए थे। उसके बाद लिफ्ट बंद कर दी गई थी। कई साल तक लिफ्ट बंद पड़ी रही। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा के हस्तक्षेप के बाद 17 जून को लिफ्ट को ठीक कराया गया था। मगर बुधवार को जब फिर लिफ्ट का प्रयोग किया तो डीएफओ, सीएमओ, सीएमएस समेत दस अफसर फंस गए। इसके बाद अफसरों ने लिफ्टमैन आने के बाद ही इसका संचालन किया जाएगा।

> वार्ड में प्रसूताओं को पौधे वितरित किए जाने के लिए लिफ्ट से डीएफओ समेत 10 लोग लिफ्ट से जा रहे थे। अचानक लिफ्ट बंद हो गई थी। इंजीनियर की मदद से लिफ्ट को खुलवाया गया था। ठीक होने के बाद भी लिफ्ट में दिक्कत आ रही है। इसीलिए अभी लिफ्ट के संचालन पर रोक लगा दी गई है।
>
> – **डॉ. राजेश कुमार**, सीएमएस, महिला अस्पताल




# रहस्यमय ढंग से युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** रहस्यमय ढंग से एक युवक लापता हो गया। पांच दिन बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदहाई गांव के रहने वाले जितेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई धर्मेन्द्र कुमार 27 जून की शाम 4 बजे आटो से बहनोई के घर जाने के लिए निकला था। देर रात तक वापस न आने पर परिवार वाले चिंतित हो गए। कई जगह तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस से गुहार लगाई। कोतवाल दिगंबर सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवक के बारे में जानकारी की जा रही है।


लापता युवक।

# किसी का लेबल लगाकर नहीं रहना नेता सिर्फ एक कमल का फूल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नवगठित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। फूलमाला और पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि हमारा नेता सिर्फ एक है और वह है कमल का फूल है। इसलिए हमें किसी का लेवल लगाकर नहीं रहना है। एकजुट होकर संगठन को मजबूत करके चुनाव में अधिक से अधिक मतों से पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाना है। कहा कि संगठन ही सत्ता की चाबी है। संगठन जितना मजबूत होगा उतना ही संगठन सत्ता के करीब होगा। नगर संगठन को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम भूमिका निभानी है। इस मौके पर मौजूद नगर की पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से भी कहा कि नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर


राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के साथ नवगठित भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी।

- **राज्यमंत्री ने भाजपा नगर मंडल की कार्यकारिणी का किया स्वागत**

संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्षों को जनता के काम कराने के लिए भीड़ में आने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए कार्यालय से सम्पर्क कर अलग से मिलने का समय निर्धारित किया जाएगा। इस मौके पर नवनियुक्त महामंत्री अमरीश शर्मा, पीयूष अग्रवाल, नगर मंत्री ओमकार मौर्य, कोषाध्यक्ष आरती कश्यप, नितिन सक्सेना, सुरेन्द्र कुमार, अनिल कुमार, विवेक शुक्ला, अवतार सिंह मौनू, देव स्वरूप, अमन वाल्मीकि, दीपू कश्यप, राकेश लोधी, पूर्व नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, शिव नरायन शर्मा, जेपी सिंह, अंकुर अग्रवाल, मोहित सक्सेना,विकास पाल सिंह, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब ग्लोरी की अध्यक्ष बनीं कल्पना गुप्ता

**पूरनपुर, अमृत विचार:** नगर के एक होटल में इनरव्हील क्लब पूरनपुर ग्लोरी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगठन की नई अध्यक्ष का चयन किया गया। सर्वसम्मति से नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की पत्नी कल्पना गुप्ता इनर व्हील क्लब ग्लोरी की अध्यक्ष चुनी गईं।


कल्पना गुप्ता भव्य स्वागत किया गया। संगठन की पूर्व अध्यक्ष अंजू मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा। संगठन की महिलाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने की बात कही। इस मौके पर चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता, उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, पूनम गुप्ता, संगीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, शशि खंडेलवाल, निधि अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, निधि शर्मा, मीना कपूर आदि मौजूद रहीं।

# फ्लाइट में बिगड़ी बच्ची की तबीयत पीलीभीत के डॉक्टर ने बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बेंगलुरु से बरेली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में मंगलवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब दो साल की मासूम बच्ची अचानक बेहोश हो गई। बच्ची को दौरा पड़ा और बिस्किट गले में फंसने से उसकी सांसें थमने लगीं। फ्लाइट में मौजूद पीलीभीत निवासी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नूरुल कमर मलिक ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए बच्ची की जान बचाई। इस सेवा के लिए पायलट, क्रू मेंबर्स और यात्रियों ने फ्लाइट में तालियां बजाकर डॉक्टर का आभार जताया।

मामला मंगलवार को इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-941 का है। ये सुबह 11:40 बजे बेंगलुरु से बरेली के लिए रवाना हुई थी। उड़ान भरने के करीब एक घंटे बाद सीट नंबर 10 एफ पर अपनी मां के साथ सफर कर रही दो साल की बच्ची को दौरा पड़ा और वह बिस्किट खाने के दौरान चोकिंग की शिकार हो गई। सांस नली बंद


परिवार के साथ डॉ. नूरुल। ● अमृत विचार

- **पीलीभीत के अमरिया तहसील क्षेत्र के रहने वाले हैं मदद करने वाले चिकित्सक, हुई सराहना**

होने से वह बेहोश हो गई और उसका शरीर नीला पड़ने लगा। क्रू मेंबर्स ने तुरंत इमरजेंसी का ऐलान किया। उसी फ्लाइट में सफर कर रहे डॉ. नूरुल ने तुरंत बच्ची की स्थिति को समझा और प्राथमिक चिकित्सा देकर उसे दौरे से बाहर निकाला। करीब पांच मिनट में बच्ची होश में आ गई। डॉक्टर ने दवा देकर उसे सामान्य स्थिति में पहुंचाया। इस पूरे घटनाक्रम के कारण फ्लाइट करीब 15 मिनट की देरी से बरेली एयरपोर्ट पहुंची।

एयरपोर्ट पर बच्ची के परिजनों ने डॉ. नूरुल को धन्यवाद दिया। डॉ. नूरुल कमर मलिक ने कहा कि यह एक पैनिक सिचुएशन थी। बच्ची की हालत बेहद गंभीर हो सकती थी, लेकिन समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच सकी। डॉ. नूरुल कमर मलिक पीलीभीत के जिला महिला अस्पताल में एसएनसीयू का संचालन कर चुके हैं।

# डीआईओएस से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर की चर्चा


डीआईओएस से मुलाकात करते शिक्षक संघ पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के पदाधिकारियों ने नवागत डीआईओएस से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष कमल मोहन पांडेय के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने बुके भेंट कर स्वागत किया। विभागीय कार्यों में सहयोग करने को लेकर चर्चा की गई। जिला मंत्री चंद्रपाल गंगवार ने बताया कि यहां के शिक्षकों व शिक्षाधिकारियों में कभी भी किसी प्रकार का कोई टकराव नहीं रहा। विभागीय अधिकारियों के निर्देश में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किये जाते रहे हैं। डीआईओएस ने भी शिक्षकों को अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला आय-व्यय निरीक्षक प्रधानाचार्य राजेश गौतम, डॉ. योगेश गंगवार, राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम की फटकार के बाद रातोंरात बना दी गौरीशंकर मंदिर वाली सड़क

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीएम की फटकार का असर दिखा। जिस सड़क पर अव्यवस्थाएं हावी हो रही थीं, वह रातोंरात बन गई। मार्ग को सावन माह से पहले ही पूरा बनवाने के निर्देश दिए गए हैं।

बता दें कि शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने के लिए नगरपालिका की बंधन योजना में स्वीकृति कराते हुए 1.80 करोड़ से निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। इसमें आयुर्वेदिक कॉलेज से गौरीशंकर मंदिर तक की सड़क, मंदिर के पीछे गेट पर बनी मीनार से खकरा को जाने वाले मार्ग समेत अन्य सड़क बनाई जानी है। इसके अलावा 25 स्ट्रीट लाइट के पोल, दो वाटर कूलर और आठ बेंच भी स्थापित कराई जानी है, लेकिन

- **एक दिन पूर्व डीएम ने किया था निरीक्षण , सावन से पहले काम पूरा करने के निर्देश**
- **बंधन योजना के तहत कराया जा रहा है सड़क निर्माण और अन्य कार्य**

ठेकेदार के द्वारा टेंडर होने के कई माह बाद काम चालू किया गया। इस वजह से काम की रफ्तार सुस्त चल रही थी। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए नाराजगी जताई थी। उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए रात में भी काम कराने के निर्देश दिए थे, ताकि निर्माण कार्य समय से पूरा हो सके। मंगलवार की रात में भी निर्माण कार्य कराया गया, जिसके बाद आयुर्वेदिक कॉलेज से सत्यनारायण मंदिर तक की सड़क का निर्माण पूरा कर लिया गया है। अब फुटपाथ, स्ट्रीट लाइटें


रातोंरात तैयार की गई गौरीशंकर मंदिर को जाने वाली सड़क।

और वाटर कूलर का काम शेष रह गया। वाटर कूलर के फाउडेंशन भी तैयार कर लिए गए हैं। कयास लगाए जा रहे हैं। तीन दिन के भीतर काम पूरा कर लिया जाएगा। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकतर काम पूरा कर लिया गया है।

# घर में घुसकर वृद्धा से मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम रूपपुर कमालू निवासी उमेश ने एसपी के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिसमें बताया कि 14 जून को शाम साढ़े आठ बजे वह मील पर काम करने गया था। उसी समय गांव के लाखन सिंह पुत्र धरमाई, मधु पत्नी लाखन सिंह, विपिन व सुभाष पुत्रगण लाखन सिंह, सुभाष की पत्नी उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसकी मां 60 वर्षीय विमला देवी की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गई। जानकारी होने पर जब वह घर पहुंचे तो उसने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई। उसकी मां को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# चिड़ियादाह में कड़ी सुरक्षा के बीच आज ताजियों की गश्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर से सटे ग्राम चिड़ियादाह में कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार रात में ताजियों की गश्त गांव में की जाएगी। गांव में एक देवस्थान से ताजिया निकालने को लेकर पिछले कई सालों से दो समुदायों के बीच तनाव चल रहा है। ताजियों की गश्त के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के अलावा पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो सके। एएसपी और सीओ सिटी ने ताजिया मार्ग का निरीक्षण किया है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम चिड़ियादाह में गुरुवार रात 10 बजे से ताजियों की गश्त शुरू की जाएगी। गश्त शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक गांव में ही अलग अलग स्थानों पर

- **गश्त के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान किए गए हैं तैनात**

की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं। चिड़ियादाह में एक देवस्थान के समीप से ताजिया निकालने को लेकर पिछले कई सालों से विवाद चल रहा है। एक समुदाय के लोग उधर से ताजिया निकाले जाने का विरोध करते हैं, जबकि दूसरे समुदाय के लोग उस मार्ग को परंपरागत बताते हुए उधर से ही ताजिया की गश्त करते हैं। गुरुवार रात 10 बजे शुरू होने वाली इस बार की ताजियों की गश्त को लेकर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। इसको लेकर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी की तैनाती की जा रही है।

# पाठशाला तो विलय कर दी, पर वन्यजीवों से बढ़ा बच्चों को खतरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 50 बच्चों से कम नामांकन वाले स्कूलों का समीपस्थ परिषदीय विद्यालयों में विलय किया गया है। विभाग द्वारा किए गए परिषदीय विद्यालयों के विलय पर तमाम अभिभावकों ने सवाल उठाने खड़े कर दिए गए हैं। ऐसा ही एक मामला पूरनपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती का सामने आया है। इधर स्कूल विलय के विरोध में बुधवार को तमाम ग्राम प्रधान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम से मुलाकात कर समस्या बताई।

डीएम को सौंपे गए पत्र में कहा गया कि प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती का विलय प्राथमिक विद्यालय रानीगंज में किया गया है, जो बच्चों की सुरक्षा के हित में नहीं है। प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती सड़क के किनारे है। पूरा क्षेत्र जंगल से सटा हुआ है और हर समय बाघ समेत अन्य जंगली जानवरों का खतरा मंडराता रहता है। प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती में दो किमी दूर जंगल किनारे बसे गांव पुरैनी दीपनगर के बच्चे भी पढ़ते हैं। ऐसे में इन बच्चों को अब 4 किमी दूर प्राथमिक विद्यालय रानीगंज पढ़ने के जाना होगा। यह भी कहा गया कि बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती बेहतर है। लोकसभा, विधानसभा के पोलिंग बूथ भी इसी विद्यालय में हैं। अन्य सरकारी कामकाज भी यहीं होते आ रहे हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती का विलय किसी अन्य स्कूल में न किया जाए। इधर भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों के हितों के लिए भारतीय किसान यूनियन सदैव तत्पर है। यदि इसमें संशोधन नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

### अभिभावकों को रास नहीं आ रहा स्कूलों का विलय

**पूरनपुर ,अमृत विचार :** पूरनपुर क्षेत्र के करीब 36 स्कूलों का पड़ोस के स्कूलों में समायोजन भी कर दिया गया। इससे कई गांवों से दूसरे स्कूलों की दूरी बढ़ गई है। बच्चों को आने-जाने में परेशानी होने पर अभिभावकों को उनके भविष्य की चिंता सताने लगी है। बुधवार को काली नगर तहसील क्षेत्र के गांव बरुआ कुठारा के दर्जनों ग्रामीण इस समस्या को लेकर पूरनपुर पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद वे पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान से मिलने पहुंचे। विधायक के न मिलने पर उनके पुत्र ऋतुराज पासवान को ग्रामीणों ने समस्या से अवगत कराया और गांव में ही स्कूल का संचालन कराए जाने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने बीआरसी पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह से कहा कि गांव बरुआ कुठारा का प्राथमिक स्कूल अब फैजुल्लागंज के स्कूल में विलय कर दिया गया है। फैजुल्लागंज की दूरी लगभग दो से तीन किलोमीटर है। बच्चों को घना जंगल और सुतिया नाला पार करना पड़ता है, जिससे उन्हें खतरा बना रहेगा। दो दिन पहले रसूलपुर पचपुखरा के ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र सौंपकर गांव का स्कूल दूसरे गांव में समायोजित न करने की मांग की थी। इसके अलावा गांव रुरिया ताल्लुके गजरौला के गांव का भी प्राइमरी स्कूल बंद कर दिया गया।



प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# पीलीभीत का ग्रीन कवर बढ़ाने को रोपे जाएंगे 36.61 लाख पौधे

## वन विभाग समेत 27 सरकारी विभागों को दी गई जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पिछले कुछ सालों में जनपद में हाईवे, बाईपास और अन्य सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के नाम पर हजारों वृक्षों का कटान किया गया, जिससे जनपद का पर्यावरण प्रभावित होने के साथ ग्रीन कवर में भी कमी आई। इस बार तराई की आबोहवा को सुधारने के लिए जनपद में 36.61 लाख पौधे लगाकर ग्रीन कवर बढ़ाने की तैयारी गई है। पौधरोपण महाभियान के तहत वन विभाग समेत 27 अन्य विभागों को पौधरोपण के लक्ष्य निर्धारित कर दिए हैं। तय लक्ष्य के अनुसार विभागों ने नर्सरियों से पौध उठान भी शुरू कर दिया गया।

जनपद में हर साल वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है। इस बार भी शासन की ओर से जनपद का लक्ष्य तय किया जा चुका है। इसके तहत जनपद में 3661700 पौधे रोने जाने की योजना है। हालांकि इस बार पिछले साल की अपेक्षा लक्ष्य में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

सर्वाधिक पौधरोपण का लक्ष्य ग्राम्य विकास विभाग को दिया गया है। इस विभाग को 1992000 पौधे लगाने हैं। इसके अलावा वन विभाग 250000 पौधे रोपित करेगा। कृषि विभाग भी 390000 और पंचायती राज विभाग 203000 पौधे रोपित करेगा। वृहद पोधरोपण अभियान के तहत जनपद के 27 विभागों को पौधरोपण करने की जिम्मेदारी दी गई है। गत वर्ष वृहद पौधरोपण अभियान के तहत जनपद में 36.60 लाख पौधे रोपे गए थे।

> पौधरोपण महाभियान के तहत इस बार 36.97 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पौध की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को नर्सरियों में पौध तैयार की जा चुकी है। वन विभाग समेत 27 विभागों को पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। -**भरत कुमार डीके**, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग

### 21 नर्सरियों में तैयार की जा रही 56.19 लाख पौध

वृहद पौधरोपण अभियान के तहत पौधे उपलब्ध कराने को वन एवं वन्यजीव प्रभाग की 21 नर्सरियों में पौध तैयार की जा रही है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके के मुताबिक इन सभी नर्सरियों में 5619372 पौध तैयार की गई है। इधर एक जुलाई से संबंधित विभागों ने नर्सरियों से पौध उठान का कार्य शुरू कर दिया है।

## महाभियान के दूसरे दिन भी हुआ पौधरोपण

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पौधरोपण महाभियान के तहत बुधवार को पूरनपुर और बीसलपुर रेंज में पौधरोपण किया गया। बीसलपुर रेंज के अंतर्गत बीसलपुर-टिकरी तक मार्ग पर एवं गांव जसौली दिवाली में ब्लाक प्रमुख अशोक शर्मा एवं एसडीएम नागेंद्र पांडेय द्वारा पौधरोपण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी रोहित जोशी, डिप्टी रेंजर सुरेश पाल वर्मा, वन दरोगा सुरेश कुमार, वन दरोगा अनुज कुमार समेत रेंज स्टाफ मौजूद रहा। पूरनपुर रेंज और जनकल्याण सुरक्षा संघ के सहयोग से पीएचसी जमुनियां में पौधरोपण किया गया। इस दौरान एसडीएम कलीनगर महिपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ. विवेक सिंह, ग्राम प्रधान रामकिशनलाल, पीएचसी प्रभारी डॉ. देवेश गिरि आदि के द्वारा पौधरोपण किया गया।



पीएचसी जमुनिया में पौधरोपण करते एसडीएम महिपाल सिंह।

# बंदरों का आतंक: मकरंदापुर चौराहे से संभलकर गुजरें



मकरंदापुर चौराहा पर बंदरों का झुंड। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरियाकलां

- **दुकानदारों ने प्रशासन से की समाधान करने की गुहार**

**अमृत विचार:** तराई क्षेत्र में बंदरों के झुंड कई बार हमलावर हो चुके हैं। आए दिन लोग बंदर के हमले में घायल हो रहे हैं और कुछ की तो जान भी चली गई। इसके बावजूद बंदरों के आतंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। मकरंदापुर चौराहा की तस्वीर भी इन दिनों कुछ इसी तरह से बनी हुई है।

चौराहे पर काफी समय से बंदरों का आतंक है। व्यापारी बंदरों के आतंक के चलते दुकानें रखाकर परेशान हैं। तमाम निगरानी के बाद भी मौका मिलते ही बंदर दुकान से सामान ले जाते हैं। खाद्य पदार्थ के ठेले लगाने वालों को सामान बचाना मुश्किल हो रहा है। भगाने की कोशिश करें तो बंदर हमला कर देते हैं। कई राहगीरों को भी बंदर काट चुके हैं। सड़क हादसे का डर भी बना हुआ है। बल्देवपुर तक इन बंदरों के झुंड रहते हैं। सड़क किनारे खेतों में खड़ी फसलों में भी बंदर पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि छुट्टा पशु की समस्या से निजात मिली नहीं थी कि अब बंदर भी भगाना पड़ रहे हैं। अपना दल के जिला महासचिव नरेश कुमार गंगवार ने बताया कि उन्होंने बंदरों की समस्या को लेकर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा को भी अवगत कराया है। दुकानदारों ने भी शिकायतें की है। मगर अभी तक बंदरों के झुंड पकड़वाए नहीं जा सके हैं।

# अनाधिकृत स्कूल वाहनों पर शिकंजा, दो सीज, दो का चालान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



वाहन चके करते एआरटीओ वीरेंद्र।

**अमृत विचार :** अनाधिकृत स्कूल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर/मालकर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी ने टीम ने चेकिंग कर कार्रवाई की।

दूसरे दिन बुधवार को पूरनपुर क्षेत्र में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई। एक अनाधिकृत वाहन स्कूली बच्चों को ढोता हुआ पाया गया, जिसे तत्काल सीज कर दिया गया। वहीं एक अन्य वाहन के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। उधर, यात्रीकर/मालकर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी ने बीसलपुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। यहां भी एक अनाधिकृत स्कूल वाहन सीज किया गया और एक अन्य के खिलाफ चालान किया गया। एआरटीओ ने स्कूल संचालकों से अपील की है कि वे छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक वाहनों का ही प्रयोग करें।

# धान फसल नुकसान पर 1.02 लाख रु. मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **खरीफ फसलों को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आवेदन की प्रक्रिया शुरू**
- **डीडी कृषि ने संबंधित अधिकारियों को किसानों को जागरूक कराने के लिए निर्देश**

**अमृत विचार:** जिले में खरीफ फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। गैर ऋणी किसान धान की फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित राशि का दो प्रतिशत प्रीमियम प्रति हेक्टेयर अदा कर बीमा करा सकते हैं। उप निदेशक कृषि ने संबंधित अधिकारियों को फसल बीमा योजना के प्रति किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्र सरकार द्वारा फसलों को आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। इसमें फसलों की क्षति होने पर बीमित किसानों को 72 घंटे के अंदर व्यक्तिगत दावा बीमा कंपनी को प्रस्तुत करना होगा। व्यक्तिगत दावे में किसान को अपनी ग्राम पंचायत, प्रभावित खेत का खसरा नंबर, फसल और प्रभावित क्षेत्र का विवरण देना होगा। इसके बाद सूचना प्राप्त होने पर कंपनी 48 घंटे में व्यक्तिगत आधार पर क्षति के आकलन के लिए सर्वेयर को भेजेगी। नुकसान के आधार पर क्लेम का भुगतान किया जाएगा। उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने बताया कि खरीफ फसल को लेकर फसल बीमा की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। किसान 31 जुलाई तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। गैर ऋणी किसान बीमा के लिए खतौनी, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बचत खाता पासबुक की छायाप्रति, स्वयं का घोषणा पत्र, फसल बोए जाने का घोषणा पत्र जमा कराएं। ऋणी किसानों को बीमा में शामिल न होने के संबंध में प्रार्थना पत्र संबंधित बैंक को बीमा की अंतिम तिथि से सात दिन पूर्व देना अनिवार्य है। ऐसे किसान बीमा में तभी शामिल हो सकते हैं, जब वह अपना प्रार्थना पत्र पुनः बीमा में शामिल होने के लिए देंगे। किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए अफसरों को निर्देशित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 के खरीफ सीजन जनपद के 1,44,399 किसानों द्वारा फसलों का बीमा कराया गया था। इसमें फसल नुकसान होने पर 24579 किसानों को 10.55 करोड़ रुपये फसल क्षति का मुआवजा दिया गया था।

> खरीफ सीजन को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान फसल का बीमा कराने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। किसान फसल बीमा संबंधित बैंक शाखा, जनसेवा केंद्र जाकर करा सकते हैं। - **राम मिलन** परिहार, उप कृषि निदेशक

# सूर्यप्रकाश मिस्टर और शियम मिस चुनी गई मिस फेयरवेल

संवाददाता, बरखेड़ा



विदाई समारोह में चुने गए मिस्टर और मिस फेयरवेल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एचआरपी डिग्री कॉलेज में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन लम्हे 2025 शीर्षक से किया गया। इसमें वर्ष 2025 के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र व छात्राओं को उनके जूनियर छात्र छात्राओं ने फेयरवेल पार्टी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत मां बाग देवी की प्रतिमा के समक्ष प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता, प्राचार्य डॉक्टर वंदना शर्मा, एचआरपी किड्स वैली स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. नीतू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण करके कराई। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। माही व शालिनी ने पहाड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी। समूह नृत्य सूर्य प्रकाश, केशव, शिवानी ने बोले चूड़ियां... गीत पर किया। बीएससी की छात्रा माही डंगवाल ने टीम के साथ ड्रामा का मंचन किया। छात्रा निमिष पाल ने पंजाबी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में छात्रा निहारिका ने एकल नृत्य किया। संचालक अंजलि गंगवार ने वरिष्ठ छात्र छात्राओं से अपनी आयोजक टीम के साथ सवाल जवाब किए। प्राचार्य व प्रबंधक ने छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बीए अंतिम वर्ष के छात्र सूर्य प्रकाश मिस्टर और बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा शियम बी मिस फेयरवेल चयनित हुई।

## बाइक टकराने पर युवक को पीटा एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के कस्बा निवासी मुजाहिद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक जुलाई को सुबह करीब 10 बजे वह अमरिया बाजार से सब्जी खरीदकर मोटरसाइकिल से वापस घर जा रहा था। रास्ता में कीचड़ होने के कारण वह मोटर साइकिल धीरे धीरे निकाल रहा था। बराबर मे चलते हुए इरफान निवासी खेड़ा मोहल्ला अमरिया के बाइक का शीशा टच हो गया। आरोप है कि इस पर उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डीसीओ ने निरीक्षण कर परखा मरम्मत कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर का निरीक्षण किया। मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक डॉ. हरिकृष्ण गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। सर्वे पूरा कर लिया गया है। आंकड़ों को परीक्षण के पश्चात अंतिम रूप दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार, मुख्य अभियंता विजेंदर सिंह, मुख्य रासायनविद विद्याराम शुक्ला, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर मनोज साहू, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



चीनी मिल बीसलपुर का निरीक्षण करते जिला गन्नाधिकारी खुशीराम भार्गव।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# ट्रैफिक लोड के बीच जान जोखिम में डाल रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



स्केटिंग करते हुए माधोटांडा मार्ग पर जाते युवा।



शरीर पर टेप और पट्टियां लपेटकर स्केटिंग करते युवा।

- **माधोटांडा रोड पर शरीर पर टेप और पट्टियां लपेटकर दौड़ रहे युवा**
- **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, मची खलबली**

**अमृत विचार :** इन दिनों में सोशल मीडिया पर फालोअर बढ़ाने के चक्कर में युवा जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। माधोटांडा मार्ग पर कुछ युवाओं द्वारा खतरनाक स्केटिंग कर न केवल राहगीरों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया बल्कि खुद की जान की भी फिक्र नहीं की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। शरीर पर टेप और पट्टियों की मदद से खुद को सुपरहीरो की तरह दिखाते हुए कुछ युवा तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़कों पर दौड़ लगा रहे हैं।

शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शुमार माधोटांडा रोड इन दिनों युवाओं के जानलेवा स्टंट का गवाह बनती जा रही है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कुछ युवक शरीर पर चिपकने वाली टेप और पट्टियों से खुद को लपेटकर तेज रफ्तार वाहनों के बीच स्केटिंग करते नजर आ रहे हैं। यह सब उस वक्त हो रहा है जब माधोटांडा मार्ग पर आमजन, वाहन और दुपहिया सवार बड़ी संख्या में आ-जा रहे होते हैं। वीडियो में देखा गया कि युवाओं ने शरीर को पूरी तरह टेप से ढक रखा है, जिससे उनका चेहरा तक पहचाना नहीं जा रहा। वे पैरों में स्केट पहनकर सड़क पर इस तरह दौड़ लगा रहे हैं, जैसे किसी फिल्म की शूटिंग चल रही हो।

हैरानी की बात यह है कि यह सब खुलेआम सड़क पर हो रहा है, और आसपास पुलिस या ट्रैफिक कर्मी तक नहीं दिख रहे। यह अकेले माधोटांडा रोड की बात नहीं है, बल्कि बरेली, बीसलपुर हाईवे तक पर युवा यह स्टंटबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे स्टंट पिछले कुछ दिनों से लगातार देखे जा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। युवा वीडियो बनवाकर फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर पोस्ट कर रहे हैं। ताकि वह फेमस हो सके। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी दावत देने जैसा है। माधोटांडा रोड पर रहने वाले लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में युवा अपनी और दूसरों की जान से खेल रहे हैं। यह सारा खेल एक दिन का नहीं, बल्कि आए दिन हो रहा है, जिन्हें जिम्मेदार अनदेखा कर रहे हैं। परिवहन विभाग के जिम्मेदारों की कहना है कि इस पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी हमारी नहीं है। टीएसआई राघवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस तरह का कोई वीडियो संज्ञान में नहीं आया है। अगर ऐसा चल रहा है तो वह गलत होने के साथ-साथ हादसे का कारण भी बन सकता है। इस पर एक्शन लिया जाएगा।

## एक नजर

### बोर्ड की बैठक में आय-व्यय का बजट हुआ स्वीकृत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद लखीमपुर की बोर्ड बैठक बुधवार को नगर पालिका के सभागार में हुई। इसमें नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं ईओ संजय कुमार की मौजूदगी में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुमानित आय 99,83,55,000 और व्यय 96,69,00,000 का बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। इस दौरान सभासदों ने विकास कार्य संबंधी प्रस्ताव भी दिए, जिन्हें बोर्ड ने स्वीकृत दे दी। बैठक में समस्त सभासद सहित लेखाकार प्रहलाद सिंह, जेई निर्माण अमरदीप, जेई जलकल जितेन्द्र कुमार, कर अधीक्षक शैली गुप्ता, राजस्व निरीक्षक फैज खां, देवाशीष मुखर्जी आदि मौजूद रहे।

### दुधवा के नए डीडी बने जगदीश आर

**पलियाकलां, अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ रंगा राजू टी के स्थानांतरण के बाद अब भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून से स्थानांतरित होकर आए जगदीश आर ने दुधवा के नए उपनिदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# कुत्ते के हमले में दो बच्चों समेत छह घायल, दो गंभीर

## चार साल के बच्चे की गर्दन, दूसरे के पेट और पीठ में काटा, एक भैंस व कई पशुओं को भी नोच डाला

संवाददाता, लखीमपुर/बेहजम

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव के गांव गुलौला में मंगलवार शाम एक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों समेत छह लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। इससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ग्रामीणों ने कुत्ते को घेर कर मार डाला। सभी घायलों को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में चार साल के दिव्यांश और 11 वर्षीय सोनी की हालत गंभीर है। घटना के बाद गांव के साथ ही आसपास के गांवों में भी आवारा कुत्तों की दहशत बढ़ गई है।

मंगलवार शाम करीब सात बजे आवारा घूम रहा एक कुत्ता लोगों को काटने लगा। इससे गांव में हड़कंप मच गया। कुत्ते ने घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय दिव्यांश पर हमला कर दिया। उसे गिराकर गर्दन काटने की कोशिश की, इससे उसकी गर्दन पर गहरे घाव हो गए। वहीं 11 वर्षीय सोनी के पेट और पीठ को नोचकर गहरे घाव कर दिए। गांव के वेद प्रकाश, सुरेश दीक्षित समेत छह लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। इससे गांव में चीख पुकार मच गई। दरवाजों को बंद कर बच्चे और बूढ़े घरों में दुबक गए। ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाई और दौड़कर हमला कर रहे कुत्ते को घेर कर लाठियों से पीटकर मार डाला। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सभी घायलों को आनन-फानन में परिजन सीएचसी बेहजम लाए और भर्ती कराया। जहां स्थिति नाजुक होने के चलते डॉक्टर ने सभी घायलों को जिला अस्पताल मोतीपुर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। कुत्ते के हमले से गांव के सर्वेश की भैंस, सर्वेश कुमार की पड़िया, संदीप कुमार और संतराम के बकरों को भी काटकर घायल कर दिया।


बकरी को वैक्सीन लगाते पशु विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**एसडीएम ने गांव पहुंचकर घायलों का जाना हाल :** कुत्ते के हमले में दो बच्चों समेत छह लोगों के घायल होने की खबर से प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम मितौली रेनू मिश्रा गांव गुलौला पहुंची। उन्होंने घायलों के परिवार वालों से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद सीएचसी पहुंचीं, जहां घायलों का हाल जाना। एसडीएम ने घायलों के स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टर से जानकारी ली और बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए।

**घायल पशुओं को लगाई वैक्सीन :** कुत्ते के पशुओं को हमला कर घायल करने की सूचना मिलते ही पशु चिकित्साधिकारी नीमगांव डॉ. सौरभ टीम के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने कुत्ते के हमले से घायल हुए पशुओं को वैक्सीन लगाई। पशु चिकित्सक ने बताया गांव में वैक्सीनेशन कराया जा चुका है। घायल सभी पशुओं को पांच-पांच वैक्सीन लगाई जाएगी। ग्रामीणों ने कुत्ते को मार दिया गया है। इससे अब यह पता लगा पाना मुश्किल है कि वह पागल था कि नहीं।


घायल दिव्यांश।

● ग्रामीणों ने दौड़कर कुत्ते को घेर कर लाठियों से पीटकर मार डाला

### यह दिखें लक्षण तो हो जाएं सावधान

बुखार का बार-बार आना, भूख कम होना, उल्टी महसूस होना, दस्त लगना, नाक बहना, बहुत ज्यादा छींकना, हाथों और पैरों में सूजन, जलन महसूस होना।

### कुत्ते के काटने पर करें प्राथमिक उपचार

- सबसे पहले घाव को बहते पानी और साबुन से कम से कम 10-15 मिनट धोएं।
- घाव को रगड़ें नहीं। साफ कपड़े से घाव को सुखा लें और उसे साफ पट्टी से ढक दें।
- यदि खून बह रहा है तो दबाव डालकर उसे रोकने की कोशिश करें।
- कुत्ते के काटने के बाद डॉक्टर को दिखाएं।
- कुत्ते के काटने के बाद कुछ दिनों तक अपने घाव की निगरानी करें।
- यदि कोई संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# तत्काल टिकट बुक करने को डिजिटल प्रमाणीकरण जरूरी


रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर टिकट बुक कराता युवक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● एक जुलाई से बिना ओटीपी के बुक नहीं होगा ऑनलाइन टिकट

**अमृत विचार :** रेलवे ने रिजर्वेशन तत्काल टिकट बुकिंग के नियम में बदलाव कर दिया है। ऑनलाइन तत्काल टिकट के लिए यात्री को आधार के माध्यम से अपनी पहचान डिजिटल रूप से प्रमाणित करनी होगी। इसका उद्देश्य दलालों द्वारा टिकटों की अवैध बुकिंग पर अंकुश लगाना है। रेलवे ने एक जुलाई से ऑनलाइन टिकट बुकिंग में ई-आधार ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया है और 15 जुलाई से स्टेशन के काउंटर पर भी यह अनिवार्य हो जाएगा।

रेलवे ने एक जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है, जिससे दलालों के माध्यम से होने वाली अवैध बुकिंग पर रोक लगाई जा सके। नए नियम के तहत एक जुलाई से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक करते समय ई-आधार ऑथेंटिकेशन करना होगा। इसमें यात्री को अपने आधार नंबर से पहचान सत्यापित करनी होगी। इसके लिए आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। इसके दर्ज होने के बाद ही टिकट बुक होगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इससे फर्जी टिकट बुकिंग पर रोक लगेगी, जिसका लाभ आम यात्रियों को मिलेगा। स्थानीय रेलवे प्रशासन के मुताबिक इस सुविधा से आम यात्री लाभान्वित होंगे।

### पुत्र को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्याम नगर कॉलोनी निवासी नवल किशोर पुत्र जवाहरलाल ने मैलानी थाना में पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका 14 वर्षीय पुत्र पुष्पेंद्र कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा आठ का छात्र है। 24 जून को सुगंधा देवी पत्नी अनूप कुमार निवासी मैलानी थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर, सीमा देवी पत्नी अमरपाल थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव कोरौली मिर्जापुर ग्रंट की मिलीभगत से उनके पुत्र को बहला फुसलाकर अपने गांव उदयपुर बुलाया और रात में घर रोकने के बाद उसे नोएडा ले गई। उनका पुत्र अभी तक घर वापस नहीं आया है और न ही कोई उसका पता चल सका है, जिससे परिवार काफी परेशान हैं. उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर अपने पुत्र को खोजने, आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सावन मेला: बन रहा अस्थाई कैंप कार्यालय

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सावन माह की तैयारी को लेकर पौराणिक शिव मंदिर परिसर में नगर पालिका का अस्थाई कैंप कार्यालय बनना शुरू हो गया है। वहीं दो दिन से हो रही बारिश के चलते गोकर्ण तीर्थ में नाले, नालियों का पानी भर जाने से वहां कराए जा रहे सौंदर्यीकरण का कार्य भी रुक गया है।

मंगलवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिला और तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन की तैयारी को लेकर बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए थे।

यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था रीना कंस्ट्रक्शन के अवर अभियंता विवेक वाजपेयी की देखरेख में शिव मंदिर के सामने पूर्व में ढहाए गए सत्संग स्थल के पास सावन मेला को लेकर नगर पालिका का अस्थायी कैंप कार्यालय बनाया जा रहा है। सावन मेला में में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, जिनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए नगर पालिका कैंप कार्यालय, चिकित्सा विभाग, फायर का कैंप बनाया जाता है। इस वर्ष सौंदर्यीकरण के चलते टीन डालकर अस्थायी कैंप कार्यालय बनाए जा रहे हैं, जिनमें श्रद्धालुओं, कांवड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।


सावन मेला के लिए बन रहा नगर पालिका का अस्थायी कार्यालय।

● गोकर्ण तीर्थ में बारिश का पानी भरने से रुका सौंदर्यीकरण कार्य

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने तीर्थ परिसर का निरीक्षण कर कर्मचारियों को शीघ्र ही जल निकासी कराने के निर्देश दिए हैं। तीर्थ से पानी निकालने और उसकी साफ सफाई कराने में लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है। उसके बाद बाद ही तीर्थ सरोवर में श्रद्धालुओं की डुबकी लगाने के लिए स्वच्छ जल भरे जाने की उम्मीद है।

### वन विभाग ने बरामद की शीशम की लकड़ी

**मझगई, अमृत विचार :** दक्षिण वन रेंज लुधौरी की टीम ने मंगलवार सुबह गंगा बेहड़ गांव के एक घर पर छापा मारा। टीम ने घर में रखे शीशम के बोटे और कुछ चिरान की लकड़ी कब्जे में ली है। वन विभाग की टीम सुबह करीब 10 बजे गंगा बेहड़ गांव पहुंची और एक घर पर छापा मारा। टीम ने घर से शीशम के कुछ बोटे और चिरान की लकड़ी बरामद की है।

रेंजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि बरामद लकड़ी खेत की बताई जा रही है। संबंधित व्यक्ति को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए गुरुवार तक का समय दिया है। यदि वह प्रमाणित कर सका कि लकड़ी उसकी निजी भूमि की है तो नियमानुसार कार्रवाई समाप्त कर दी जाएगी। अन्यथा वन अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# छत का प्लास्टर गिरने से छात्रा को लगी चोट

संवाददाता, सिंगाही

● प्राथमिक विद्यालय भेड़ौरा द्वितीय का मामला, बीईओ बोले- अभी जर्जर घोषित नहीं है भवन

**अमृत विचार :** एक जुलाई को प्राथमिक विद्यालय भेड़ौरा पहुंची छात्रा पहले ही दिन चोटिल हो गई। अचानक छत का प्लास्टर गिरने से छात्रा के सिर में चोट लग गई। इससे विद्यालय में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे पिता ने अस्पताल में मरहम पट्टी कराई। छात्रा की हालत बेहतर बताई जाती है। छात्रा के घायल होने के मामले में शिक्षकों की लापरवाही उजागर हुई है। बताते हैं कि स्कूल का भवन जर्जर है। लंच के समय छात्रा उसमें जाकर खेलने लगी और प्लास्टर गिरने से चोटिल हो गई।


घायल छात्रा देवांशी।

मंगलवार को स्कूल खुलने पर छात्रा देवांशी भी पढ़ने के लिए स्कूल गई थी। बताते हैं दोपहर में लंच के समय कई बच्चे खेलते-खेलते जर्जर भवन में पहुंच गए। इस दौरान अचानक छत का प्लास्टर छूटकर देवांशी के सिर पर गिरा। इससे छात्रा के सिर से खून बहने लगा। इससे अन्य छात्रों से लेकर शिक्षकों में खलबली मच गई। प्रधानाध्यापिका की सूचना पर पहुंचे परिजन बच्ची की मरहम पट्टी कराने के लिए अस्पताल पहुंचे। हालांकि उपचार के बाद छात्रा की हालत अब ठीक बताई जा रही है।



प्राथमिक विद्यालय भेड़ौरा, छत से गिरा प्लास्टर।

### कई साल से जर्जर है स्कूल का भवन

प्रधानाध्यापिका सुनीता रानी के मुताबिक विद्यालय का भवन कई सालों से जर्जर है, जिसकी जानकारी अधिकारियों को भी है। मगर, अभी तक किसी ने भवन के ध्वस्तीकरण पर ध्यान नहीं दिया। हालांकि बच्चों को जर्जर भवन में जाने से मना कर रखा है और निगरानी भी करते रहते हैं कि कोई बच्चा उसमें न जा सके। मगर, मंगलवार को पता नहीं कैसे देवांशी वहां चली गई।

> विद्यालय में सिर्फ एक कमरा बैठने लायक है। अन्य भवन बेहद जर्जर हैं। हालांकि स्कूल का भवन अभी जर्जर घोषित नहीं हुआ है, क्योंकि इसकी लंबी प्रक्रिया है। विद्यालय में यदि बच्चों की संख्या बढ़ती है तो उन्हें दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा। –**धर्मेंद्र कुमार**, खंड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक निघासन

# 13 स्कूली वाहनों का चालान, पांच सीज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** संभागीय परिवहन विभाग ने चलाए जा रहे स्कूली वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की। एआरटीओ समेत तीन टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की। तमाम खामियां मिलने पर 13 स्कूली वाहनों का चालान किया। साथ ही दो वाहनों को सीज किया है। एआरटीओ की इस कार्रवाई से स्कूल वाहन स्वामियों और चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

पहली जुलाई से स्कूल खुल गए हैं। स्कूलों से संचालित वाहनों में तमाम खामियां हैं। कई वाहनों की फिटनेस तक समाप्त हो चुकी है, लेकिन इन वाहनों से भी स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है। नवागत एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने नियम विरुद्ध स्कूली बसों के संचालन पर रोक लगाने के लिए जिले में पहली जुलाई से विशेष चेकिंग अभियान चलाया है।


स्कूली वाहनों की जांच करते संभागीय परिवहन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

● एआरटीओ की कार्रवाई से स्कूल वाहन चालकों में मचा हड़कंप

अभियान के दूसरे दिन एआरटीओ के साथ ही तीन टीमों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर स्कूली वाहनों की जांच की। उनके अभिलेख देखे। इनमें से कई वाहनों के अभिलेख पूरे नहीं मिले। अन्य कमियां भी पाई गई हैं। एआरटीओ ने बताया कि दूसरे दिन टीमों ने 12 स्कूली वाहनों का चालान किया है।

### सीडीओ का निर्देश दो दिन में बच्चों तक पहुंचे किताबें

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक की कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों का बुधवार को सीडीओ ने सत्यापन किया। उन्होंने तीन दिन में किताबें छात्रों को मुहैया कराने के निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी को तीन दिन में सभी विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों का वितरण हर हाल में कराने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों के पठन-पाठन में असुविधा न हो। सीडीओ ने कहा कि यदि पुस्तकों की सप्लाई समयबद्ध रूप से न हुई तो बीएसए की जवाबदेही होगी। सीडीओ ने पुस्तकों का वितरण कर रिपोर्ट मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

# महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** इटावा की घटना के बाद से ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियां रुकने का नाम नहीं ले रहीं हैं। सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर दो युवकों ने ब्राह्मण समाज की महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसके वायरल होते ही ब्राह्मण समाज के लोगों में रोष फैल गया। सदर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी मयंक अवस्थी ने बताया कि शहर के मोहल्ला गोटैयाबाग निवासी इमरान शाह की फेसबुक पर आईडी है। वह लगातार धर्म विशेष को निशाना बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा है। ऐसी ही एक और पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें उसने ब्राह्मण समाज की महिलाओं के प्रति बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इससे ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। एक आपत्तिजनक पोस्ट विपिन कुमार वर्मा नाम के युवक ने की है, जिसे इमरान शाह ने शेयर भी किया है। उन्होंने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर कोतवाली सदर पुलिस को दी है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस सर्विलांस सेल की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

### 2640 मीट्रिक टन खाद की रैक आज पहुंचेगी गोला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिले में खाद की किल्लत को लेकर बुधवार को सीडीओ ने अधिकारियों संग बैठक की। जिम्मेदारों ने गुरुवार यानी आज खाद की रैक गोला आना बताया है। इस पर सीडीओ ने केंद्रवार ऑनलाइन स्टॉक की जांच करने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिन केंद्रों पर उर्वरक की उपलब्धता कम है। वहां पर प्राथमिकता के साथ आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने बताया कि गोला में 2640 मीट्रिक टन की एक रैक आज आ रही है। सीडीओ ने किसानों से अपील की है कि वह केंद्रों से केवल आवश्यकता अनुसार ही खाद लें। अनावश्यक भंडारण न करें। जिले में पर्याप्त उर्वरक है। सहायक आयुक्त एवं निबंधक (सहकारिता) रजनीश प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# यूरिया खाद वितरण के दौरान मची अफरा-तफरी

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार:** क्षेत्र में कई दिनों से यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई थी। इससे किसान काफी परेशान थे। बुधवार को सहकारी समिति बिझौली पर 540 बोरी यूरिया बंटने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ सहकारी समिति पर उमड़ पड़ी। इससे यूरिया वितरण के दौरान अफरा तफरी मच गई। भीड़ के कारण वितरण व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने मोर्चा संभालकर स्थिति को काबू में किया। किसानों को लाइन में खड़ा कर कर व्यवस्थित तरीके से यूरिया का वितरण शुरू कराया। तब भी यूरिया नहीं बट पाई। सचिव रंजीत मौर्य ने बताया कि बीते दिन 540 बोरी यूरिया आई थी, जो बुधवार को वितरण करना शुरू किया लेकिन भीड़ ज्यादा होने के कारण नहीं बंट पाई है। गुरुवार सुबह पुलिस की मौजूदगी और खसरा के आधार पर खाद बांटी जाएगी।

समिति अध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह ने बताया 600 बोरी यूरिया की डिमांड लगी है। कल शाम तक खाद समिति पर पहुंचने की उम्मीद है।



बिझौली समिति पर किसानों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार


बिझौली गांव के किसान हरिवंश राज ने बताया कि वे दो दिन से परेशान हैं, लेकिन अब तक खाद नहीं मिल पाई। सिर्फ दो बोरी खाद मिलना और वह भी समय पर न मिलना बेहद दुखद है।


बिझौली गांव के किसान काजू सिंह ने कहा कि दो दिन से समिति के चक्कर काट रहे हैं। तब दो बोरी खाद दे रहे हैं, जो पर्याप्त नहीं है और वह भी समय पर नहीं मिल रही है।


रमुआपुर के रहने वाले एसपी सिंह ने बताया कि वह तीन दिन से लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अब तक दो बोरी खाद भी नहीं मिली। अब कल के लिए बुलाया गया है।


लखैया के किसान काले सिंह ने बताया कि समिति पर रोज खाद बांटने को कहा जाता है, लेकिन बंट नहीं पाती। दो बोरी खाद के लिए अब खसरा बनवाने को कहा हैं तब खाद मिलेगी।

SHRI SIDDHI VINAYAK
SSVGI
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years
Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H)
B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care
X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGlians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## केमिस्ट के खिलाफ लामबंद इमरजेंसी स्टाफ

### जिला अस्पतालः स्टाफ का आरोप है कि दवा विक्रेता अपने को बताता है प्रधानाचार्या का रिश्तेदार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल की इमरजेंसी के स्टाफ से लेकर कुछ अन्य चिकित्सक अस्पताल के बाहर स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक (केमिस्ट) के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। स्टाफ का आरोप है कि दवा विक्रेता अपने को मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या का रिश्तेदार बताकर मरीजों को अपने मेडिकल स्टोर की दवाएं लिखने का दबाव बनाता है। चिकित्सकों ने मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ प्रधानाचार्या को लिखा गया पत्र सीएमएस को सौंपा है।

उधर, सोशल मीडिया पर वायरल पत्र का संज्ञान लेकर प्रधानाचार्या ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी है। साथ ही इमरजेंसी स्टाफ की सुरक्षा के लिए गार्डों की संख्या में इजाफा करने की बात कही है।

इमरजेंसी ओपीडी करने वाले डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. डी कुमार, अमित कुमार सिंह सहित



जिला अस्पताल मोतीपुर। ● अमृत विचार

फार्मासिस्ट सहदेव सचालन, प्रसून श्रीवास्तव, अनिल कुमार आदि ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर बताया है कि मोतीपुर में अस्पताल परिसर के बाहर स्थित चित्रा मेडिकल स्टोर के मालिक संदीप गुप्ता एवं अवनीश उर्फ पंडित जो आए दिन इमरजेंसी ओपीडी में आकर स्टाफ पर अपने मेडिकल स्टोर की दवाएं लिखने का दबाव बनाते हैं। ऐसा न करने पर कार्य करने में बाधा पहुंचाकर झूठे मामले में फंसाने की धमकी तक देते हैं।

अक्सर ओपीडी में आकर इलाज के दौरान वीडियो बनाने के साथ

**● मामले का संज्ञान लेकर प्रधानाचार्य ने गठित की तीन सदस्यीय जांच टीम**

फोटो खींचते हैं, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने में व्यवधान उत्पन्न होता है। इमरजेंसी स्टाफ का कहना है कि ऐसा न करने पर दवा विक्रेता कहते हैं हमारी राजनैतिक पहुंच बहुत ऊपर तक है और मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य रिश्तेदार हैं। इसलिए दवाएं हमारे मेडिकल स्टोर की ही लिखनी पड़ेगीं।

मेडिकल स्टोर संचालकों की दबंगई से आहत इमरजेंसी स्टाफ से लेकर अन्य चिकित्सकों ने प्रधानाचार्य को संबोधित पत्र सीएमएस को देकर चित्रा मेडिकल स्टोर का लाइसेंस, एफएसएसआई लाइसेंस, श्रम विभाग में पंजीकरण, नॉरकोटिक्स लाइसेंस एवं बिल बुक आदि अभिलेखों की जांच कराए जाने की मांग की है।

**प्रधानाचार्या ने उठाए ये सवाल**

- मेडिकल स्टोर संचालक जब वीडियो बनाता था तो स्टाफ ने गार्ड को सूचना क्यों नहीं दी।
- स्टाफ ने धमकी देने की सूचना जिला अस्पताल के सीएमएस, मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या एवं चौकी पुलिस को क्यों नहीं दी।
- स्टाफ द्वारा लिखित और मौखिक रूप से उन्हें (प्रधानाचार्य) को मामले की जानकारी क्यों नहीं दी गई।
- घटना वाले दिन उन्हें यानी प्रधानाचार्या को प्रकरण से अवगत क्यों नहीं कराया गया।

"इमरजेंसी स्टाफ की सुरक्षा के लिए गार्डों की संख्या बढ़ा दी है। दो हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर और दो गार्ड और तैनात रहेंगे। इमरजेंसी ओपीडी में किसी बाहरी को प्रवेश की अनुमति तभी मिलेगी, जब वह अपना आई कार्ड दिखाएगा। जिन जगहों पर गार्ड तैनात हैं वहां पर यदि किसी प्रकार की घटना या वाद-विवाद होता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित गार्ड की होगी।

-डॉ. वाणी गुप्ता, प्रधानाचार्या स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली

**जांच से पता चलेगा पत्र लिखे जाने का सच**

प्रधानाचार्य का कहना है कि पत्र सोशल मीडिया पर भले ही वायरल हो रहा हो, लेकिन इमरजेंसी स्टाफ ने न तो पत्र हमें दिया है और न ही कार्यालय में रिसीव कराया है। जबकि प्रमुख सचिव के आदेश के बाद रोजाना जिला अस्पताल एवं महिला अस्पताल का राउंड करती हूं। सीएमएस से व्हाट्सएप पर पत्र मिलने पर जांच टीम गठित कर दी है। इसमें उप प्रधानाचार्य, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली एवं नोडल डॉ. अमित कुमार सिंह शामिल हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों पर कार्यवाही जरूर होगी।

## हमीद मार्केट में भर रहा बारिश का तीन फीट पानी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर से अलीगंज रोड स्थित वीर अब्दुल हमीद मार्केट सड़क से काफी नीचे हैं। पिछले कई वर्षों से जरा सी भी बरसात होने पर तीन फुट तक पानी भर जाता है। आसपास का नाले नालियों का गंदा पानी दुकानों में भर जाता है, जिससे दुकान में रखा सामान खराब हो जाता है। मार्केट के व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि मार्केट में स्थित दुकान ही उनकी जीविका का साधन है। बरसात हो जाने से जलजमाव हो जाता है, जिससे कोई भी ग्राहक मार्केट में नहीं आता है और वर्षा का पानी दुकानों में भर जाने से उनका सामान भीग कर खराब हो जाता है, जिससे उन्हें हर वर्ष आर्थिक नुकसान होता है। उनका व्यापार प्रभावित हो जाता है। उन्होंने हमीद मार्केट की सड़क के लेवल से पटाई कराने की मांग की है। ज्ञापन देते समय मनीष सूरी, सत्यनारायण गुप्ता, मोहम्मद अजमीन, मोहम्मद हसनैन, अतीक अहमद, तौकीर खान, मोहम्मद इस्लाम खान, आमिर खान, आसिफ अली, ऋषि मल्होत्रा, साबिर, रामअवतार, शमशाद, हरी भसीन आदि दुकानदार मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रा को श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रवाना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**● अनिल जलोटा के नेतृत्व में पालिकाध्यक्ष ने किया रवाना**

**अमृत विचारः** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ से 45 श्रद्धालुओं के दल को श्री शिव सेवक दिल्ली भंडारा पोषपत्री कश्मीर शाखा छोटी काशी के ब्रांच हेड अनिल जलोटा के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, मैलानी नगर पंचायत चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी एवं भाजपा युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने अंगवस्त्र पहनाकर, एक यात्रा बैग देकर एवं तिलक लगाकर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। यह दल छोटी काशी गोला से कुरुक्षेत्र, माता वैष्णों देवी, अमरनाथ, नैना देवी, आनंदपुर, हरिद्वार की यात्रा करेंगे। बाबा बर्फानी की यात्रा में प्रमुख श्रद्धालु शाखा प्रमुख अनिल जलोटा, नीरू जलोटा, दिनेश, योगेश शंखदार, विनय अवस्थी, पवन राठौर, अमित, रामकुमार, प्रदीप, नगमा, अभिषेक सक्सेना सहित 45 श्रद्धालु गए हैं। इस मौके में प्रियंकल जलोटा, अंकुश माहेश्वरी, सचिन गुप्ता, प्रियांशु शुक्ला, अंश अवस्थी, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष राजन साहनी, कुंभी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, बद्री गुप्ता, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



गोला से बर्फानी बाबा के लिए श्रद्धालुओं को रवाना करते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू।

## बाघ के खौफ में जीने को मजबूर आधा दर्जन गांवों के लोग

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के करीब आधा दर्जन गांवों के लोग तीन दिन से बाघ के खौफ के साए में जी रहे हैं। सेमरई, टेड़वा, सकेथू, शेरपुर, कोड़री, जमालपुर, बसही, बांसगांव, कोरैया आदि गांवों के किसान पशुओं के लिए घास व चारा लेने नहीं जा पा रहे हैं, जिससे पशुओं के चारे की समस्या आने लगी है।

बारिश होने के बाद ज्यादातर किसान फसलों में यूरिया खाद डालते हैं, लेकिन बाघ के डर ने पैर पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया है किसान खेतों की ओर जाने से डर रहे हैं। पिछले साल भी बाघ के खौफ ने छोटे किसानों व मजदूरों को पलायन करने पर विवश कर दिया था, जिसके परिणाम स्वरूप गन्ना किसानों को फसल की देखरेख में काफी हद तक नुकसान हुआ और उत्पादन भी प्रभावित हुआ। लगभग पिछले वर्ष की ही पुनरावृत्ति इस वर्ष भी होने जा रही है, जिसके फलस्वरूप उत्पादन भी प्रभावित होगा।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी इसका कोई संज्ञान लेते हैं। फिलहाल सूचना पर पहुंच वनकर्मी केवल पुष्टि कर चेतावनी जारी करते नजर आ रहे हैं।

## भाकपा ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप किया प्रदर्शन

**पलियाकलां, अमृत विचारः** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विभिन्न मांगों और शारदा नदी में किए गए ड्रेजिंग कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तहसील में प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि देश में साम्प्रदायिकता के बाद अब जाति के आधार पर विभाजन करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इटावा प्रकरण की जांच कराकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा पलिया क्षेत्र में बाढ़ के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी रेलवे ट्रैक से पानी का रिसाव से लोगों में रोष है। ड्रेजिंग कार्य में भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों से वसूली कराने, बाढ़ रोकने के उपाय कराने और बड़ी रेल लाइन बिछाकर लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन कराने की मांग की। भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश राय, कामरेड कृष्णा अधिकारी, कामरेड रामकिशन, रामदयाल, निर्भय नारायण सिंह, राजू कश्यप आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोगों के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** पब्लिक इंटर कॉलेज में बुधवार को नया सवेरा नई पहल कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक रहने और बरसात के मौसम में खान-पान का विशेष ध्यान देने की बात कही।

प्रार्थना सभा में बुधवार सुबह शिक्षक संतोष कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जुलाई से बरसात का मौसम शुरू हो जाता है। इस समय वातावरण में अनेक प्रकार के बैक्टीरिया, कीटाणु तथा मच्छर आदि पनप जाते हैं। मच्छरों से मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, चिकनगुनिया, हाथी पांव जैसे अनेक खतरनाक रोग होते हैं। इनसे बचने के लिए खाली पड़े टायरों में, गमलों में, डिब्बो, कूलर आदि में पानी, घर के बाहर कूड़ा एकत्र न होने दे, नालियों में चूने का छिड़काव करें, मच्छरदानी का प्रयोग करें, पानी उबालकर

**● मच्छरों से होते हैं मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोग**

ठंडा करके पिए। किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने आप दवा न लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उपचार प्राप्त करें, जापानी इनसेफ्लाइटिस अर्थात मस्तिष्क ज्वर होने पर ठंडे पानी की पट्टी रखें, तत्काल डॉक्टर से सलाह ले। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि छात्र एवं छात्राएं कक्षा में बैठने से पहले अपनी सीट तथा उसके आसपास देख लें कि कोई जीव जंतु न मौजूद हो। बरसात के मौसम में कीड़े, मकोड़े और सांप आदि का प्रकोप बढ़ जाता है। मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए फुल आस्तीन की शर्ट पहने, डेंगू का मच्छर कम ऊंचाई तक उड़ता है इसलिए पैंट के साथ जूते मोजे का प्रयोग करें। सावधानी ही बचाव है.। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ और छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

## संतों से मिलन के समान संसार में दूसरा कोई सुख नहीं



मूढ़ा सवारान में सत्संग सुनते अनुयायी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**● जयगुरुदेव संस्था के राष्ट्रीय उपदेशक का सत्संग**

**अमृत विचारः** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चन्द्र साहब ने कहा है कि कर्म विज्ञान, अच्छे समाज और संतों की महिमा से सतलोक का मार्ग प्रशस्त होता है।

नहिं दरिद्र सम दुःख जग माहीं, संत मिलन सम सुख कछु नाहीं। पंक्ति को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि संसार में संतों के मिलन के समान कोई दूसरा सुख नहीं है। संतों का मिलना बहुत कठिन है। यदि वे मिल जायेंगे तो जीव का प्रारब्ध अपने घर सतलोक जाने का बन जायेगा। दूसरी तरफ गरीबी के समान कोई दूसरा दुःख नहीं। दरिद्रता आर्थिक, भौतिक पदार्थो के साथ ही आध्यात्मिक होती है। करुणा, दया और संतोष जैसे नैतिक मूल्यों के अभाव में आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के बाद भी व्यक्ति संतों के पास पहुंचकर दरिद्र रहता है। उनका आत्मिक उत्थान नहीं होता है। आध्यात्मिक उन्नति के लिए नैतिक और चारित्रिक बल की जरूरत होती है। सत्संग में जयगुरुदेव संगत उत्तरी खंड के अध्यक्ष खन्नूलाल यादव, मनोज त्रिवेदी, जगमोहन लाल यादव, जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह, बैद्यनाथ यादव आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## अपराधों पर अंकुश को समिति गठित

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** लगातार चोरी की वारदातों से परेशान थाना नीमगांव पुलिस को एक बार फिर ग्राम सुरक्षा समितियों की याद आई है। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीण सुरक्षा समिति बनाने के निर्णय लिया है। पुलिस इस समिति के सहारे अब चोरी, लूट और गांव में होने वाली आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाएगी।

करीब पांच साल पहले गांवों में गठित ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया गया था, लेकिन पुलिस अफसरों और सिपाहियों की लापरवाही के कारण यह समितियां सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गईं थीं। इधर डेढ़ महीने के भीतर 32 से अधिक चोरियां होने से पुलिस के हाथ पांव फूले हैं। पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार चोरी



गांव पैला में ग्रामीणों से संवाद करते एसआई जितेंद्र यादव व मौजूद ग्रामीण।

**● पांच साल पहले ग्राम सुरक्षा समितियों को किया था सक्रिय**

की वारदातों से पुलिस ने इस पर अंकुश लगाए जाने के लिए नए सिरे से ग्राम सुरक्षा समितियां गठित करने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत पैला में उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव ने ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा के साथ बैठक की।इस बैठक में लोगों को अपनी सुरक्षा हेतु सतर्क रहकर चोरी आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। सभी को रात में जागकर अपने घरों और गांव की सुरक्षा करने के टिप्स दिए गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा पुतान लाल, रामनरेश, अवधेश दीक्षित संदीप शुक्ला, रियासत खां सिपाही उमेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसएसबी ने नेपाल सीमा पर चलाया जांच अभियान

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के सहायक कमांडेंट विशन दास की देखरेख में मंगलवार को अफसरों और जवानों ने पलिया-गौरीफंटा मार्ग पर आने- जाने वाले वाहनों के अलावा नागरिकों की सघन जांच करने का अभियान चलाया। इससे पलिया से नेपाल आने-जाने वाले वाहन चालकों को रोककर उनकी तलाशी ली गई और पूछताछ की गई। सशस्त्र सीमा बल के इस अभियान से नेपाल-सीमावर्ती इलाकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान एसएसबी निरीक्षक विनोद खोजा, सहायक उपनिरीक्षक चंदन राम, राकेश कुमार, सैयद गुलाम मुर्तजा, प्रदीप माहौर, साकेत पांडेय आदि जवान रहे।

## द्विवार्षिक अधिवेशन अक्टूबर में कराने का लिया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**● आज डीएम से मिलेगा पेंशनर्स कल्याण संस्था का प्रतिनिधि मंडल**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश कल्याण संस्था की बैठक बुधवार को पेंशनर्स भवन डॉ. ओपी गुप्ता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कराने पर जोर दिया गया। बैठक में द्विवार्षिक अधिवेशन अक्टूबर में कराने का निर्णय लिया गया। संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को डीएम से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग करेगा।

बैठक का आरंभ संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना के साथ किया। पेंशनर्स बालक राम मौर्य, संत कुमार मौर्य, अवधेश सिंह चौहान, माता चरण चौबे, केपी त्रिपाठी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, रघुनंदन झा, राम टहल वर्मा, रामबहादुर मित्रा ने अपने सुझाव रखे। पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा कर उनका निस्तारण कराए जाने की रणनीति बनाई।

कोषाध्यक्ष महताब अली ने आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। अवधेश सिंह ने कमरे की दीवारों पर कोटेशन लिखवाने और महापुरुषों के चित्र लगाए जाने का सुझाव दिया। साथ ही संस्था का द्विवार्षिक अधिवेशन अक्टूबर में मनाने का निर्णय लिया गया। इसकी तैयारियों को लेकर भी रूपरेखा बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया कि पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को डीएम से मिलेगा और उनका समाधान कराने का प्रयास करेगा। पेंशनर्स रघुनंदन झा ने पेंशनर्स लाइब्रेरी के लिए 21 पुस्तकें भी दान दीं।

## मोहाना नदी की तेज धार में नेपाल सीमा पर लगा पिलर गिरा

संवाददाता, पलिया कलां

**● एसएसबी कमांडेंट ने कोतवाली चंदन चौकी में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हुई भारी बारिश से भारत-नेपाल सीमा पर बह रही मोहना नदी उफान पर है। नदी के तेज बहाव में भारत-नेपाल सीमा पर लगा अंतर्राष्ट्रीय पिलर बह गया। एएसबी 39वीं वाहिनी के कमांडेंट ने पिलर बहने की रिपोर्ट कोतवाली चंदन चौकी में दर्ज कराई है।

39वीं वाहिनी की सूडा सीमा चौकी देवराही ने मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा पर लगे अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तंभों की जांच की तो पिलर संख्या 739/2 गायब मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि मोहाना नदी के अत्यधिक वेग के कारण पिलर बह गया है। सीमा चौकी के जवानों ने इसकी सूचना कमांडेंट रबींद्र कुमार राजेश्वरी को दी। एसएसबी कमांडेंट ने कोतवाली चंदन चौकी में सीमा पिलर के बहने की रिपोर्ट कोतवाली चंदनचौकी में दर्ज कराई है। कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी ने बताया गया कि सीमा क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सतर्कता के साथ लागू किया गया है। भविष्य में ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## सेठ घाट रोड पर स्थित अपोलो अस्पताल सीज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार।** सेठ घाट रोड स्थित अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को डिप्टी सीएमओ अमितेश द्विवेदी ने बुधवार को सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के चल रहा था। औचक निरीक्षण के दौरान न तो कोई एमबीबीएस डॉक्टर मिला और न ही प्रशिक्षित स्टाफ। अस्पताल में दो मरीज भर्ती थे, जिन्हें जिला अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। पंजीकरण संबंधी प्रपत्र एवं सुविधाओं के अभाव के चलते अस्पताल सील किया गया है।

## मानक विहीन संचालित न्यू केयर हॉस्पिटल सील

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर में मानक विहीन संचालित न्यू केयर हॉस्पिटल को सील कर वहां भर्ती मरीजों को सीएचसी में शिफ्ट कर दिया है।

नगर के सिनेमा रोड स्थित अवैध रूप से मानक विहीन संचालित न्यू केयर हॉस्पिटल की शिकायत मिलने पर सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार के निर्देश पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. अशोक बिहारी के साथ महिला चिकित्सक डॉ. आकांक्षा वर्मा, सचिन और रत्नेश शुक्ला की टीम ने हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल संचालक मानक से संबंधित कोई भी अभिलेख दिखा नहीं पाए। मानक विहीन संचालित अस्पताल में



गोला में अस्पताल सील करने पहुंची डॉक्टरों की टीम। ● अमृत विचार

प्रसव के लिए लाए गए दो मरीज भर्ती मिले, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएचसी में शिफ्ट करा दिया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार ने बताया कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं है और न ही अन्य आवश्यक अभिलेख पूरे हैं। उन्होंने बताया कि सिनेमा रोड स्थित न्यू केयर हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था, जिसे सील कर मौके पर मौजूद दो मरीजों को सीएचसी में शिफ्ट करा दिया गया है। नगर में किसी भी मानक विहीन अस्पताल और पैथोलॉजी को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। किसी भी मरीज की जान से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# चेयरमैन और वन क्षेत्राधिकारी ने रोपित किया गुलमोहर का पौधा

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन, बेलरायां रेंजर बोले-सरकार ने जुलाई में वन महोत्सव में 35 करोड़ पौधे लगाने का रखा है लक्ष्य

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** कस्बे में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कयूम और वन क्षेत्राधिकारी नार्थ भूपेंद्र सिंह ने मेला मैदान में गुलमोहर का पौधरोपण किया।

मेला मैदान में एक गोष्ठी भी आयोजित हुई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और उसके महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान फलदार और छायादार वृक्षों का पौधरोपण किया गया। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कयूम ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया की सरकार ने इस वर्ष जुलाई में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

पौधरोपण के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देने पौधों की सुरक्षा और देखभाल के लिए जागरूकता अभियान चलाने, विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कराना है।

वन महोत्सव के दौरान लाखों पेड़ लगाए जाते हैं जो पर्यावरण को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। इस दौरान वन दरोगा राकेश कुमार गुप्ता, जगमोहन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

**मझगई।** ग्राम पंचायत बौधिया कला में पौधरोपण किया गया। ग्राम प्रधान सैय्यद मकसूद अली ने पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। वन क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार सिंह, वन दरोगा मनोज यादव, चंद्रप्रकाश यादव, नागेन्द्र कुमार जायसवाल, वन रक्षक प्रहलाद सिंह, सतीश चंद्र मिश्रा, भूपेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी नवीन राठौर, ग्राम रोजगार सेवक तिलकराम आदि ने भी पौधारोपण किया। इस मौके पर राममूर्ति यादव, राजेन्द्र कुमार, अर्जुन लाल, सालिकराम, नैमिष कुमार सहित तमाम ग्रामीण व श्रमिक मौजूद रहे।



मेला मैदान में पौध रोपित करते नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम व वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### शिक्षकों ने वन अधिकारियों के साथ किया पौधरोपण



**पलिया कलां, अमृत विचार :** वन महोत्सव के दूसरे दिन गांव नगला के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षकों ,छात्रों ,वनकर्मियों व ग्रामीणों मिलकर आम, अमरूद, आंवला,शीशम आदि विभिन्न फलदार व छायादार पेड़ों का पौधरोपण किया। इस दौरान रेंजर पलिया विनय कुमार सिंह, डिप्टी रेंजर शिव बाबू सरोज,ग्राम प्रधान नगला श्री राम, प्रधानाध्यापक अनूप गुप्ता, शिक्षक विजय प्रकाश मौर्य, मिथिलेश कुमार, अमित कुमार गुप्ता, विपिन गुप्ता,प्रभात बाजपेई, सुभाष सिंह, वंदना पांडेय, अनुपमा अवस्थी सहित कई वनकर्मी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### 23 नवजात के परिजनों को मिला सर्टिफिकेट एवं पौधा



**लखीमपुर-खीरी,अमृत विचार :** जिले में वृहद पौधरोपण अभियान चल रहा है, जो सात जुलाई तक चलेगा। वन विभाग ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत नवजात शिशुओं के जन्म पर माता-पिता को जन्म प्रमाणपत्र के साथ ग्रीन गोल्डन सर्टिफिकेट एवं एक पौधा उपहार में दिया जा रहा है। महिला अस्पताल में बुधवार को डीएफओ दक्षिण खीरी ने 23 बच्चों के माता-पिता को पौधे दिए। डीएफओ दक्षिण खीरी वन प्रभात संजय कुमार विश्वाल ने बताया कि सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व सीएमएस डॉ. ज्योति महरोत्रा की मौजूदगी में बुधवार को प्रसूताओं को भावनात्मक रूप से प्रकृति से जोड़ने के लिए ग्रीन गोल्डन सर्टिफिकेट एवं पौधे भेंट किए गए। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि वन महोत्सव के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी व पीएचसी पर जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात के माता- पिता को सर्टिफिकेट व पौधे भेंट किए जाएंगे। सीएमएस महिला चिकित्सालय डॉ. ज्योति महरोत्रा ने बताया कि बुधवार को 23 नवजात बच्चों के माता-पिता को सर्टिफिकेट व पौधे दिए गए। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा, रेंजर एके मल्ल, डीएमएचसी लल्ला सिंह, शिप्रा एवं सुष्मिता वर्मा मौजूद रहीं।

### वन महोत्सव के तहत ग्राम पंचायतों में किया गया पौधरोपण



**महंगापुर, अमृत विचार :** पलिया रेंज में पौधरोपण महाभियान व वन महोत्सव सप्ताह का आरंभ गदनिया वन ब्लॉक में डिप्टी रेंजर व ग्राम प्रधानों ने किया। वन क्षेत्र व ग्राम पंचायतों में फलदार पौधे लगाए गए। सप्ताह भर चलने वाले वन महोत्सव में विभागीय रेंज पलिया में 1 लाख 28 हजार व सभी ग्राम पंचायतों में 2 लाख 80 हजार पौधे लगाए जाएंगे। 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले महाभियान, वन महोत्सव व एक पेड़ मां के नाम के तहत पलिया रेंज की गदनिया वन बीट 2 क्षेत्र के 10 हेक्टेयर हुआ। पलिया रेंज के डिप्टी रेंजर शिव बाबू सरोज व स्थानीय जनप्रतिनिधि के रूप में ग्राम प्रधान त्रिकौलिया होरी लाल यादव, ग्राम पढ़ूवा प्रधान प्रतिनिधि महबूब अली व ग्राम गदनिया प्रधान जितेंद्र सिंह लाडा सहित ग्रामीणों ने वन टीम के साथ शीशम, गुटेल, जामुन, कंजी आदि पौधे लगाए। इसके बाद प्रति गांव 3600 पौधे देकर डिप्टी रेंजर ने संकल्प दिलाते हुए कहा हर घर द्वार एक से दो पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। डिप्टी रेंजर शिव बाबू, सरोज सिंह, राकेश कुमार पटेल, रामचंद्र, रमाकांत मिश्रा, अरुण कुमार, सोनू श्रीवास्तव व पूर्व बीडीसी मंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गांव शंकरपुर निवासी राम नरेश (45) शुक्रवार को ममरी में अपनी बहन के यहां बाइक से गए थे। उसी रात करीब आठ बजे राम नरेश बाइक से घर वापस लौट रहे थे। कंजा के पास एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राम नरेश को घायल हालात में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान छठे दिन बुधवार की सुबह राम नरेश की मौत हो गई।

### एनसीसी जुड़ने के लिए प्रक्रिया 10 को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** पब्लिक इंटर कॉलेज में एनसीसी लेने के लिए प्रक्रिया 10 जुलाई को होगी, जिसमें कक्षा 11 के संस्थागत विद्यार्थी अपने आवश्यक अभिलेखों के साथ पहुंचकर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि कक्षा 11 के संस्थागत छात्र, छात्राएं 10 जुलाई को एनसीसी कैडेट्स की होने वाली प्रक्रिया में सुबह 6 बजे अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मेडिकल सर्टिफिकेट और कक्षा 10 की उत्तीर्ण मार्कशीट के साथ एएनओ लेफ्टिनेंट विश्व मोहनजीत से संपर्क कर प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।



## सार-संक्षेप

### महिला की इलाज के दौरान संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** धौरहरा थाना क्षेत्र के नगर क्षेत्र धौरहरा निवासी श्रीराम नाग ने अपनी 27 वर्षीय बेटी रुचि की शादी करीब ढाई साल पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के बाबूराम सर्राफ नगर निवासी संजय के बेटे अंकित उर्फ गोलू के साथ की थी। मृतका के पिता का आरोप है कि ससुराली जन बेटी का सही से इलाज नहीं कराते थे। दहेज में बाइक व अन्य सामग्री की मांग की जा रही थी। इधर मृतका के पति ने बताया कि उसकी दो छोटी-छोटी बेटियां हैं। पत्नी रुचि को डेंगू हुआ था, इलाज चल रहा था। मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे रुचि की अचानक तबीयत खराब हुई तो परिजन शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे यहां पर इलाज के दौरान रुचि की मौत हो गई। मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

### बाइक की टक्कर से बच्चा घायल, रिपोर्ट दर्ज

**धौरहरा, अमृत विचार :** खमरिया थाना क्षेत्र के जेठरा गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा मोहित (10) घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव निवासी आयुष बाइक से आया और बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसका बांया पैर टूट गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी खमरिया फिर लखीमपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### किशोरी प्रेमी संग फरार, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी अपने पड़ोसी गांव निवासी युवक के साथ फरार हो गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बिमलेश व सहयोगी छंगा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बच्चों के विवाद में युवक को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रामनगर लहबड़ी गांव निवासी राम लखन पुत्र छोटकन्ने ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बच्चों के विवाद के चलते आरोपी अशोक निवासी रामनगर लहबड़ी गाली-गलौज करने लगे। जब मना किया तो लाठी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को सीएचसी भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पानी को लेकर हुए विवाद में छह घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव रंजीतपुर निवासी सुधीर पुत्र शहजादे और हेलन पत्नी रविन्द्र का पानी को लेकर विवाद हो गया। सुधीर का आरोप है कि रविन्दर के पुत्र अशोक, नरेंद्र, धर्मेंद्र और हरेंद्र ने उसे घर में घुसकर मारा-पीटा। उसे बचाने आई बहन कमला को भी पीटा। इसके अलावा चचेरे भाई क्रिस्टोफर पुत्र सूरजबली को भी मारपीट कर चोट पहुंचाई। दूसरी तरफ हैलन पत्नी रविन्दर का आरोप है कि उसके पति टीबी के मरीज हैं। उसके बेटे घर पर नहीं थे, उसी दौरान गुड्डू पुत्र जूनस, विशाल पुत्र गुड्डू, क्रिस्टोफर पुत्र सूरजबली और पप्पू पुत्र शहजादे ने आकर उसे, उसके पति और घर की महिलाओं के साथ मारपीट की। दोनों तरफ से घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी पसगवां में कराया गया है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हो गई है।

### पुजारी बाबा दया दास हुए ब्रह्मलीन



**पसगवां, अमृत विचार :** राम जानकी मंदिर अस्तल के पुजारी बाबा दया दास (70) ब्रह्मलीन हो गए। उन्हें मंगलवार सुबह हार्ट अटैक पड़ गया। शिष्य उन्हें लेकर जंगबहादुरगंज के पार्थवी अस्पताल गए, जहां से गंभीर हालत होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में बाबा ब्रह्मलीन हो गए। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए और संतों, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पुष्प वर्षा की। उनके अनुयायी रो रहे थे। बाबा दया दास को बुधवार को पूज्य संत लंबे बाबा के समीप समाधिस्थ किया गया।

### चोर कैमरे में कैद, नहीं हुआ चोरी का खुलासा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला हनुमान गली निवासी विकास अग्रवाल की किराना की दुकान है, जहां थोक का काम होता है। एक सप्ताह पूर्व व्यापारी अपनी दुकान बंद करके चले गए थे। रात में चोरों ने जीने का दरवाजा तोड़ दिया था और दुकान में घुस आए थे। चोरों ने लाकर तोड़कर चार लाख रुपये चुरा लिए थे। साथ ही एक लैपटाप चुराकर ले गये थे। उनकी राइस मिल भी थी। लैपटाप में मिल का लेखा जोखा था। पुलिस ने कैमरे खंगाले थे। कैमरे एक व्यक्ति जीने से उतरता दिखायी दिया था और जीने से छत पर जाता दिखायी दिया था। उसके पास बैग टंगा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि चोरी का शीघ्र पर्दाफाश किया जाएगा।

### शिकायत के फर्जी निस्तारण की शिकायत

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मजीदपुर निवासी ओमप्रकाश ने डीएम से शिकायत कर बताया कि जल जीवन मिशन के द्वारा गांव में टोटियां लगाने का काम किया, लेकिन उसके घर पर टोंटी नहीं लगाई। जिसको लेकर उसने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में निस्तारण कर्ताओं ने गलत लोगों के बयान लगा दिए जिनका उस गांव से कोई लेना देना नहीं है।

## सुतिया में युवक की डूबने से मौत



सुतिया में युवक की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम।

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः-** नेपाल से फेरी करके सिंगाही खुर्द अपने घर आते समय मंगलवार की शाम सुतिया के छठ घाट पर एक युवक डूब गया। काफी तलाश करने के बाद उसका शव बरामद हुआ।

मंगलवार को गांव सिंगहा खुर्द निवासी वीरपाल (48) पुत्र जोधा साइकिल से फेरी लगाने नेपाल गया था, लेकिन वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। बताते हैं कि वह सुतिया के पुल पर अधिक पानी होने के चलते छठ घाट से होकर निकल रहा था। इसी बीच वह पानी में डूब गया। इसकी जानकारी होने पर परिवार वाले मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश की। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को पानी में उतारकर उसकी तलाश कराई। कई घंटे बाद शव बरामद कर लिया गया।



मृतक वीरपाल।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचारः रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पति से तीन साल अनबन चल रही है। वह अपने दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती थी। उसकी सोनू नामक युवक से मुलाकात हुई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी शादी का झांसा देकर उसके साथ नाजायज संबंध बनाता चला आ रहा था। पीड़िता उससे शादी के लिए कहती थी टालमटोल करता था। 20 फरवरी को सुबह 8 बजे सच्चाई जानने के लिए उसका पीछा किया। उसके घर पर गई। उसका असली नाम महफूज खां है, जो सदर बाजार थाना क्षेत्र में रहता है। पीड़िता ने उससे शादी के लिए कहा तो गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विपक्षी का उसके पेट में चार माह का बच्चा पल रहा है। आरोपी ने उसे अपने घर से भगा दिया।

## विद्यार्थियों को वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति किया जागरूक



कृषक समाज कॉलेज के जागरुकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. मुदित गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कृषक समाज इंटर कॉलेज में वन्य जीव संरक्षण कार्यशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को वन्य जीवों के संरक्षण के लिये जागरूक किया गया।

कॉलेज प्रबंधन समिति के मंत्री रविप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड के राज्य समन्वयक डॉ मुदित गुप्ता ने विद्यार्थियों को लुप्तप्राय संकटग्रस्त प्रजातियों की रक्षा करना, उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित करना, वन्य जीव की जानकारी और वाइल्ड लाइफ करियर कैसे अपनाए पर चर्चा करते हुये बताया कि वन्यजीवों के संरक्षण और मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। वन्य जीव कैरियर, वन्य जीव वैज्ञानिक, संरक्षण वादी पशु चिकित्सा, रेंजर, कानून, प्रवर्तन नीति, अधिवक्ता, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर आदि महत्वपूर्ण पदों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने अतिथि को स्मृति चिन्ह देखकर आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ अनिल कुमार ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश, लखपत भारती, मनीषा भारती आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने बुधवार को निघासन विधानसभा के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने लोगों से संपर्क किया। इससे पहले सांसद ने निघासन में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

बुधवार दोपहर बाद सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर खरवहिया नंबर दो, गौरिया, टॉपर पुरवा, कटहा, टांडा आदि गांवों में लोगों के बीच पहुंचे। सांसद मधुर ने बीते वर्ष में सांसद निधि से क्षेत्र में कराए कार्यों के बारे में बताया। साथ ही आगामी विकास योजनाओं से अवगत कराया। सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा और निघासन विधानसभा अध्यक्ष भंडारी यादव ने भी लोगों को संबोधित किया। इस दौरान तरुण वर्मा वीरू, मोहम्मद वसीम, बृजमोहन वर्मा पुजारी, अरविंद यादव, कमलेश वर्मा, विवेक शाक्य, रामू यादव, काशीराम, महेश यादव, रामसमुझ, गजराज, श्रीराम, हीरालाल, सतेंद्र यादव, राम नरेश, राकेश मौर्य, दिलनवाज खान, जमील, इसराइल, नाजिम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



गौरिया गांव में लोगों को संबोधित करते खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर।

## राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश आवेदन अब 7 तक

**पलियाकलां, अमृत विचारः** नगर के श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज राजकीय महाविद्यालय में बीए, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट पर 30 जून तक खोलने की तिथि निर्धारित की गई थी, जो अब बढ़कर 7 जुलाई कर दी गई है। कुछ छात्र-छात्राएं अभी स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर सके थे। उनके हित को ध्यान में रखते हुए कॉलेज प्रशासन ने वेबसाइट खोलने की तिथि अब बढ़ाकर 7 जुलाई 2025 विस्तारित कर दी है।

### बारिश के पानी से कटी सड़क अधिकारियों ने कराई ठीक

**संपूर्णानगर, अमृतविचार :** पिछले दिनों हुई बारिश से पलिया ब्लॉक के ग्राम रानीनगर कॉलोनी के मजरा मिलनबजार जाने वाले रास्ता कट गया था। इससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा था। बुधवार को लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों पे रास्ता दुरुस्त करा दिया है।

## तहसीलदार का फर्जी आदेश बनाने में पेशकार समेत 3 लोग फंसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पुवायां तहसील के तत्कालीन पेशकार, रजिस्ट्रार कानूनगो और कंप्यूटर ऑपरेटर तहसीलदार का फर्जी आदेश बनाकर आरसीसीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने में फंस गए हैं। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर एडीएम न्यायिक राशिद अली ने जांच की तो जालसाजी का खुलासा हो गया।

पता चला कि पेशकार विजय श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार कानूनगो दिनेश पांडेय और कंप्यूटर ऑपरेटर धर्मेंद्र सिंह ने जमीन के स्वामित्व में हेराफेरी करने के लिए तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर का फर्जी आदेश बनाकर जमीन के रिकार्ड में हेराफेरी की है। डीएम ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश पुवायां तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी को दिया है। साथ ही कहा है कि रिपोर्ट दर्ज कराकर सूचना जिलाधिकारी को भेज दें।

एडीएम की जांच के बाद डीएम की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि मिसिलबन्द रजिस्टर क्रमांक 431 पर दर्ज वाद संख्या टी-202512610201622 ग्राम रम्पुरिया चेतनवाला बनाम शिवकुमार को ऑनलाइन पोर्टल आरसीसीएम पर बिना वैध प्रक्रिया के बदल दिया गया। इसे ग्राम डुन्डवा की वंदना कौशल बनाम जसवंत राय के नाम पर अपलोड कर विवादित भूमि गाटा संख्या 83 रकबा 4.860 हेक्टेयर व गाटा संख्या 73 रकबा 1.619 हेक्टयर दर्ज कर दी गई। इस फर्जी आदेश को 25 मार्च 2025 में दर्शाते हुए पोर्टल पर अपलोड किया गया। जबकि यह आदेश पूरी तरह से कूटरचित और फर्जी पाया गया।

● **डीएम ने एडीएम से कराई जांच तो हुआ खुलासा**

अपर जिलाधिकारी न्यायिक की जांच रिपोर्ट और अरुण सोनकर की रिपोर्ट में साफ बताया कि उक्त आदेश के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर फर्जी हैं और रिपोर्ट भी बिना हस्ताक्षर के प्रस्तुत की गई थी। एडीएम की जांच रिपोर्ट में तत्कालीन पेशकार विजय श्रीवास्तव, आरके दिनेश पांडेय, प्राइवेट ऑपरेटर धर्मेंद्र सिंह को प्रथम दृष्ट्या दोषी माना गया है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार पुवायां को आदेशित किया है कि सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 338 के तहत एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही, संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराया गया है।

तहसीलदार पुवायां को आदेशित किया गया है कि सभी दोषियों व लाभ प्राप्त करने वालों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरी फर्म "शारदा प्लाईवुड", जिसका कार्यालय गाटा संख्या 247, ग्राम टिसुआ, ग्राम- हरेला, तहसील-फरीदपुर, जिला-बरेली पर स्थित है, का नाम अब बदलकर "मैगनस पैनलस" कर दिया गया है साथ ही, अब इस फर्म में विनायक गुप्ता को साझेदार के रूप में जोड़ा गया है। पूर्व फर्म के सभी दायित्व, लेन-देन, अनुबंध, अधिकार और उत्तरदायित्व यथावत रहेंगे। संबंधित पक्षों से अनुरोध है कि भविष्य में सभी कार्यवाही और पत्राचार "मैगनस पैनलस" के नाम से करें।
लोकेश अग्रवाल साझेदार

**सूचना**
हमने अपने दोनों पुत्रों टिंकू सिंह, शिवकुमार व उनकी पत्नियां आरती व प्रियंका सिंह को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्यामबिहारी पुत्र श्री मंगली एवं सरोजा पत्नी श्री श्यामबिहारी निवासी रम्पुरा रतन तह. फरीदपुर जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
अनुभवी मैनेजर, स्टाफ की
सम्पर्क करें:
होटल राधारमन
ईसाइयों की पुलिया, सैटेलाइट, बरेली
मो. 9927643191

**सूचना**
भारतीय जीवन बीमा निगम गोला में मार्कशीट से बीमा कराने पर पॉलिसी संख्या 215978579 में नाम देशराज दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड और अन्य प्रपत्रों में नाम मदनलाल है। दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है एवं दोनों नामों से जाना, पहचाना जाता है। **मदनलाल पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम फूलबेहड़ पोस्ट मुर्तिहा जिला लखीमपुर- खीरी।**

**SHIPCRAFT HANDICRAFT PRODUCER COMPANY LIMITED**
invite application for Supply of 50 improved Zari & Zardozi tools kit for more information
Contact at: 8430176820 7906610305
Last Date of Submission 17-07-2025
Faridpur, Bareilly

**सूचना**
मैं अपने पुत्र शाहदाब के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। **यासीन खॉ पुत्र अनवार खॉ व जीनत पत्नी यासीन खॉ निवासीगण ग्राम सिसरका थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

गतिरात्मवतां सन्तः सन्त एव सतां गतिः।
असतां च गतिः सन्तो न त्वसन्तः सतां गतिः॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते है। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते है लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट है: तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही नजरिया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल को दोबारा इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। ज़ाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40–60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए हैं, लेकिन इन्वेसमेंट का एक छोटा हिस्सा भी 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग' की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, 'अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन' (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र "इंसीडेंट" मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

> भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ 'सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल' (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन' अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में 'तैरते पड़ोस' जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में 'स्पंज सिटी' योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को 'वेस्ट' नहीं, 'रिसोर्स' की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल 'प्रोजेक्ट्स' नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी 'ई-रक्त कोष' मुहिम

> भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेहताशा वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त 'रेयर ब्लड' का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के 'ब्लड बैंक' सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। 'राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष' को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' के तहत मुंबई स्थित 'राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान' ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण 'दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। 'ब्लड ठग' खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही 'ब्लड बैंक' ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को 'ऑनलाइन ई-रक्त कोष' बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी 'रक्त पोर्टल' को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद 'कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए' है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई, शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार ।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक "लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट" अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है । एक बात और समझना होगा कि "वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है ।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ ,कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को जिंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि जिंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना ,उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग "पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ''शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार की तारीखें घोषित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में सिलाई ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण को 30 जून तक आनलाइन आवेदित अभ्यार्थियों का साक्षात्कार व चयन मुख्यालय द्वारा निर्धारित स्कोर कार्ड के आधार पर निम्न विवरण अनुसार किया जाएगा। जिसको लेकर विभाग द्वारा तारीखों का ऐलान कर दिया गया है।

1 अप्रैल से 31 मई तक सिलाई ट्रेड में साक्षात्कार 3 जुलाई को किया जाएगा। 1 जून से 16 जून तक सिलाई ट्रेड में साक्षात्कार 4 जुलाई को, 17 जून से 20 जून तक सिलाई ट्रेड में साक्षात्कार 5 जुलाई। 21 जून से 30 जून तक सिलाई ट्रेड में साक्षात्कार 8 जुलाई को किया जाएगा। साथ ही अनुपस्थित सिलाई ट्रेड के अभ्यार्थियों का साक्षात्कार 9 जुलाई को किया जायेगा। जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि सभी लाभार्थी मूल प्रमाण-पत्रों सहित कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में साक्षात्कार के लिए समय से पहुंचे।

# इस हफ्ते जन्मे नवजातों को वन विभाग देगा ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट

## नवजात की माताओं को सौंपेंगे पौधा, स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से चलाया जाएगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने पर्यावरण बचाने को शुरू की पहल

**अमृत विचार:** वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत 1 जुलाई से 7 जुलाई (वन महोत्सव) की अवधि में जन्मे नवजात बच्चों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट स्वरूप उनकी माताओं को दिया जाएगा। सामाजिक वन प्रभाग ने स्वास्थ्य विभाग से इस अवधि में जन्मे बच्चों की सूची मांगी है।

प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में पहली से 7 जुलाई तक पौधरोपण महाभियान चलेगा। मुख्यमंत्री की ओर से इस महाभियान में जनसमुदाय की सहभागिता पर जोर दिया है। इसी कड़ी में वन एवं वन्यजीव प्रभाग एक नई पहल शुरू करने का जा रहा है।

नई पहल के तहत वन एवं वन्यजीव प्रभाग पहली जुलाई से 7 जुलाई के बीच सरकारी अस्पतालों में जन्मे नवजात बच्चों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और उनकी माताओं को सागौन का एक पौधा भेंट करेगा। साथ ही ऐसे नवजातों के अभिभावकों को पौधे को लगाने के साथ उसका पालन पोषण करने के लिए जागरूक भी करेंगे। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके के मुताबिक यह पहल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से इस अवधि के दौरान जन्मे नवजात बच्चों का ब्यौरा हासिल कर ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट दिया जाएगा।



जिला अस्पताल में नवजात की माता को सागौन का पौधा व सर्टिफिकेट देते डीएफओ भरत कुमार डीके व सीएमओ डॉ. आलोक कुमार।

### सागौन के पौधे और ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट बांटे

बुधवार से वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से यह पहल शुरू भी कर दी गई है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने जिला अस्पताल पहुंचकर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के साथ नवजात बच्चों की माताओं को सागौन के पौधे वितरित किए। इस दौरान डीएफओ ने ग्रीन गोल्ड सटिफिकेट भी सौंपे। डीएफओ ने बताया कि इस पहल से जहां पर्यावरण स्वच्छ रहेगा, वहीं ग्रीन गोल्ड कार्ड से आशय यह है कि जब बच्चा 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेगा, तब उक्त रोपित सागौन का पौधा, जो वृक्ष का रूप ले चुका होगा, उससे वह और उनकी माताएं जरूरत पर धनराशि भी प्राप्त कर सकेंगी। डीएफओ के मुताबिक 21 नवजात बच्चों की माताओं को सागौन पौध व ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट दिया गया है।

## मां को चाकू मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के गोहल्ला लोधीपुर निवासी मीरा देवी ने बताया कि उसका बड़ा बेटा उसके पति उमेश चौहान को कचहरी लेकर गया था। उसके पति वकील है। उसके पति ढाई साल पहले दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिस कारण उसका बड़ा बेटा उनके साथ रहता था। उसका छोटा बेटा दिव्यांश है। आरोप है कि 01 जुलाई को दोपहर 12 बजे उसके छोटे बेटे ने जान से मारने की नीयत से चाकू से प्रहार किया, जिससे वह घायल हो गयी। इससे पहले भी दो बार जान से मारने का प्रयास कर चुका है।

महिला का आरोप है कि उसके पति और बड़े बेटे को जान का खतरा है। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल कालेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी दिव्यांश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# बैंक में नौकरी के लिए टाइम मैनेजमेंट आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज में बैंकिंग की तैयारी को लेकर हुई कार्यशाला

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से बीकॉम फाइनेंस तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए बैंकिंग की तैयारी और आवेदन प्रक्रिया पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाहजहांपुर के रीजनल मैनेजर अखिल गुप्ता ने छात्रों को बैंक परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए टाइम मैनेजमेंट अति आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगियों को 90 मिनट का प्रश्न पत्र 60 मिनट में पूरा करने का अभ्यास डालना चाहिए। ऐसी तैयारी करने पर मुख्य परीक्षा में कोई प्रश्न छूटने की संभावना नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि छात्रों को जनरल अवेयरनेस पर ध्यान देने की विशेष जरूरत है। जिसके लिए प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। समाचार पत्र पढ़ते समय विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय समाचारों और कारोबार संबंधी समाचारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बैंक की तैयारी के लिए एकाउंटिंग की समझ के साथ कंप्यूटर तथा अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना अच्छा रहता है।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा दोनों के प्राप्तांक जोड़कर साक्षात्कार के लिए मेरिट लिस्ट बनाई जाती है। इसलिए प्रश्न पत्र हल करते समय उन प्रश्नों को छोड़ देना चाहिए जिनके सही उत्तर पर संदेह हो क्योंकि निगेटिव मार्किंग से मेरिट गिर सकती है। स्टेट बैंक के एचआर मैनेजर सुधीर कुमार ने कहा कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद साक्षात्कार की तैयारी कैसे करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में सफलता हेतु मनोबल, आत्मविश्वास और बोलने की कला महत्वपूर्ण गुण है। साक्षात्कार के समय वेशभूषा का भी प्रभाव पड़ता है।

# मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे युवा भाकियू किसान नेता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत के तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निरस्तारण कराने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां युवा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि सहकारी समितियों पर किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है।

ज्ञापन में समितियों पर खाद उपलब्ध कराने, निजी खाद की दुकानों पर उर्वरकों का विवरण बोर्ड पर न लिखने वाले खाद विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने, सीड प्लांटों की जांच कराने, गेहूं बीज भरते समय संबंधित अधिकारी के मौजूद रहने के निर्देश देने, पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर अधूरे पड़े 06 किमी के हिस्से और क्षतिग्रस्त पुलों का निर्माण कराने, कलीनगर तहसील में संभावित बाढ़ के मद्देनजर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पूर्व से तैयारी करने, छुट्टा पशुओं को पकड़वाने, मक्के की फसल का उचित मूल्य दिलवाने, डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, गौहनिया चौराहे से माधोटांडा की ओर जाने वाली सड़क पर फल विक्रेताओं की वजह से लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की गई। युवा जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिलाधिकारी ने समस्याओं का निस्तारण का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा जिलाध्यक्ष के अलावा युवा महासचिव बलजीत सिंह, तहसील सचिव जसराज आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने जाते भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी व अन्य।

- डीएम को ज्ञापन की मांगों का निस्तारण कराने की मांग
- अधूरे पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग समेत टूटी पुलियों का निर्माण कराने की मांग

## कांवड़ रूट वाली खानपान की दुकानों-ठेलों पर होगा विक्रेता का नाम, रेट लिस्ट

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को जनपद में कांवड़ रूट की खाने-पीने की दुकानों और ठेलों आदि पर वेंडरों के नाम और खाद्य वस्तुओं के रेट लिस्ट लिखवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कांवड़ रूटों पर मांस की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जाति को आधार बनाकर समाज में वैमनस्यता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर गंभीर होने की आवश्यकता है और गांवों में प्रधान, सचिव, चौकीदार व अन्य कर्मियों की जिम्मेदारी भी तय करें। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार की शाम जिलाधिकारी अविनाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में मोहर्रम तथा कावड़ पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बैठक की। डीएम ने कहा, जातिवाद, धर्मवाद, सम्प्रदायवाद को छोड़कर हमें राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाना होगा। त्योहारों के अवसर पर कुछ अराजक तत्व अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं, हमें सतर्कता को बनाए रखना है ताकि ऐसे लोगों की मंशा पूरी नहीं हो सके।

# 46 साल बाद बदले राजकीय आवासों के डिजाइन

राकेश शर्मा, बरेली

- टाइप-1 से लेकर टाइप-7 के कुर्सी क्षेत्रफल, ड्राइंग डिजाइन एवं आवंटन की पात्रता को मंजूरी मिली
- पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव ने सभी मंडलायुक्त और डीएम को आदेश भेजा

**अमृत विचार :** रहन-सहन की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने राजकीय आवासों के डिजाइन के साथ ही आवंटन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब अधिकारी-कर्मचारियों को सरकारी आवास में कई अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी। 1979 में लागू हुए शासनादेश में आवासों के टाइप-1 से लेकर टाइप-7 के कुर्सी क्षेत्रफल, ड्राइंग डिजाइन एवं आवंटन की पात्रता में संशोधन किया गया है। राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान की ओर से प्रदेश के मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ ही सभी विभागों के अध्यक्षों को शासनादेश भेजा गया है।

नवीन आवास श्रेणी में टाइप-1 में लेवल-1, 1800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को एक ड्राइंग रूम, एक बेडरूम, एक किचन, एक टॉयलेट, एक स्टोर, एक यूटिलिटी बालकनी, एक बालकनी, सरफेस पार्किंग वाला आवास, टाइप-2 में लेवल 2-1900, 3-2000, 4-2400 व 5-2800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 से एक बेडरूम अतिरिक्त होगा। टाइप-3 में लेवल-6-4200, 7-4600 व 8-4800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 से सह डायनिंग, एक बेडरूम और एक टॉयलेट अतिरिक्त होगा। टाइप-4 के लेवल 9, 10, 11 के 5400-6600 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 के मुकाबले में दो बेडरूम, दो टॉयलेट, दो बालकनी, एक सुविधायुक्त सर्वेंट रूम अतिरिक्त मिलेगा।

टाइप-5 के लेवल में 12-7600, 13-8700 व 13 ए-8900 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को लेवल-1 से आफिस गेस्ट रूम, सह डायनिंग, दो बेडरूम, तीन टॉयलेट, दो बालकनी, एक सुविधायुक्त सर्वेंट रूम अतिरिक्त मिलेगा।



सरकारी आवासों के क्षेत्रफल और डिजाइन में संशोधन का शासनादेश आ गया है, प्रत्येक श्रेणी के आवासों में आधुनिक जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से बदलाव किए हैं। भविष्य में सरकारी आवासों के निर्माण में इन मानकों का इस्तेमाल किया जाएगा।
**-अजय कुमार**, चीफ इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी बरेली

### निदेशक, प्रोफेसर या वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को ये सुविधाएं मिलेंगी

आवास श्रेणी में टाइप-6 में लेवल 14-10000 व 15-67000-79000 वेतन ग्रेड वाले अधिकारियों को सुविधायुक्त आफिस, एक ड्राइंग रूम, एक लिविंग हाल, सह डायनिंग, चार बेडरूम, एक किचन, चार टॉयलेट, दो स्टोर रूम, एक सुविधायुक्त सर्वेंट रूम व एक गैराज की सुविधा मिलेगी। जबकि टाइप-7 में लेवल 16-75000-80000 और 17-80000 वेतन ग्रेड (निदेशक, प्रोफेसर या वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों) के लिए सुविधायुक्त ऑफिस, एक ड्राइंग रूम, एक लिविंग हाल सह डायनिंग, पांच बेडरूम, एक किचन, छह टॉयलेट, एक स्टोर, दो सुविधायुक्त सर्वेंट रूम व दो गैराज की सुविधा मिलेगी।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की एक युवती रविवार की शाम अपने दरवाजे पर बेठी थी। मोहल्ले का एक युवक उसके दरवाजे पर आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी चला गया। कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर युवती को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### चोरी के जेवर समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बंडा पुलिस ने एक चोंर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी के जेवर समेत गिरफ्तार किया है। बंडा थाना के उप निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि बंडा थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर वैवहा निवासी आदेश कुमार सिंह और दीपक गुप्ता निवासी मियापुर थाना बंडा के यहां तीन दिन पूर्व चोरी हो गयी थी। चोर दोनों मकानों से नगदी, जेवर आदि सामान चुराकर ले गए थे। पुलिस चोरों की तलाश में लगी थी। पुलिस ने ददूरी मोड़ से एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया चोर पंकज निवासी दलेलपुर जगदीशपुर थाना बंडा है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल, चांदी के कंगन, एक जोड़ी पायल बरामद की है। इसके अलावा चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# भाजपा नगर टीम का नगर पालिका में स्वागत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की नवगठित टीम का नगर पालिका परिषद कार्यालय में अभिनंदन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट करके सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।

पालिका अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नगर मंडल की टीम में नवनियुक्त सभी पदाधिकारी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। सभी पदाधिकारी की सक्रियता से नगर में पार्टी के प्रचार प्रसार को और मजबूती मिलेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी सेक्टर में संयोजक बनाए जाएंगे। अब सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे बूथ लेवल और पन्ना प्रमुख तक पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, नितिन सक्सेना, शोभित गुप्ता, अवतार सिंह मोनू, देव प्रकाश, मंडल महामंत्री पीयूष अग्रवाल, मंडल मंत्री जगन्नाथ लोधी, सुरेंद्र कुमार, अमन बाबू वाल्मीकि, दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरती कश्यप, नगर सोशल मीडिया प्रभारी विवेक शुक्ला, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी विपिन मिश्रा, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, निर्मल सिंह टीटू, विकास बाबू, विपिन कुमार राजू फौजी, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।



नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के साथ टीम। ● अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में महिला ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोप गार्ड बिना लाइन के मरीजों को अंदर भेज रहा था
- गार्ड ने किया अभद्र व्यवहार वीडियो वायरल

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था को तैनात गार्ड अव्यवस्था फैलाने लगा तो महिला का सब्र जवाब दे गया। उसने हंगामा कर दिया। सुरक्षा गार्ड मरीजों को बिना लाइन के ही सीधे डाक्टर कक्ष मे भेज रहा था। तभी इस अव्यवस्था के विरोध में महिला ने हंगामा कर दिया। महिला का आरोप है कि सुरक्षा गाड्र्स ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान मेडिकल कालेज का वीडियो वायरल हुआ है।

राजकीय मेडिकल कालेज में ओपीडी और ट्रामा सेंटर में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्डों की ड्यूटी लगायी है। ओपीडी में डाक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की सुबह से लंबी लाइन लग जाती है। बुधवार को ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर लंबी लाइन लगी हुई थी। महिलाएं डाक्टर के कक्ष में अंदर जाने का बारी का इंतजार कर रही थी। सुरक्षा गार्ड कुछ मरीजों को बिना लाइन के सीधे डाक्टर के कक्ष में भेज रहे थे।

महिलाओं ने कहा कि सुबह दस बजे से लाइन में लगे हुए है, जो महिलाएं अभी आयी है, उनको सीधे डाक्टर के कक्ष में अंदर जाने दिया जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि यह कहां का नियम है। एक महिला ने इसका विरोध किया और चिल्लाने लगी कि अब लोगों को नहीं दिख रहा है और नियम कहा चले गए है।

महिला की सुरक्षा गार्ड से नोकझोंक हुई और कहा कि मरीज को सीधे क्यों भेज रहे हो। इस दौरान महिला ने ओपीडी वार्ड में हंगामा किया। सुरक्षा गार्ड ने महिला का हाथ पकड़कर ओपीडी से बाहर कर दिया। कुछ मरीजों ने विरोध भी किया है। महिला का आरोप था कि सुरक्षा गार्ड ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया है। इस घटना क्रम के दो वीडियों वायरल हुए है। यह पहली घटना नहीं है और सुरक्षा गार्ड आए दिन मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करते है।

### पर्चा काउंटर पर स्टील की राड नहीं

पर्चा काउंटर पर चार काउंटर है। यहां पर भी सुबह से लंबी लाइन लग जाती है। खास बात यह है कि पर्चा काउंटर के बाहर स्टील की राड नहीं लगी है, जिससे मरीज इसी के अंदर लाइन में खड़े रहे। स्टील की राड न लगी होने पर पर्चा पहने बनवाने के चक्कर में मरीजों में आपस नोकझोंक तक हो जाती है। जबकि कई बार मांग रखी गई कि पर्चा काउंटर के बाहर स्टील की राड लगी होनी चाहिए।

महिला लाइन तोड़कर दवा लेने जा रही थी। लोगों के विरोध करने पर हंगामा करने लगी। इस मामले में गार्ड के खिलाफ कार्रवाई के लिए कंपनी को पत्र लिखा जाएगा।
**डा. राजेश** प्राचार्य मेडिकल कालेज

# नशे के लती एचआईवी मरीजों को इलाज देगा ओएसटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंजेक्शन के माध्यम लंबे समय से नशा करने से बड़ी संख्या में लोग एचआईवी की गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में ओपीओइड सप्सट्यूशन थेरेपी यानी ओएसटी केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में जिला अस्पताल में बीते डेढ़ साल से अटके ओएसटी केंद्र के संचालन की कवायद अब तेज हो गई है। यहां मरीजों का इलाज करने के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण के बाद तैनाती की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।

दरअसल, जिला अस्पताल स्थित ओएसटी केंद्र के भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं एक नर्सिंग ऑफिसर और काउंसलर समेत तीन कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है। जल्द से जल्द मरीजों को इसका लाभ मिल सके इसके लिए बीती 16 से 20 जून तक इन कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी लखनऊ में पूरा हो चुका है। केंद्र संचालन के लिए शासन की अनुमति के लिए प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। अनुमति मिलते ही केंद्र का संचालन आरंभ कर दिया जाएगा।

**इन मरीजों को मिलेगा लाभ :** यह केंद्र नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर ऐसे मरीजों को लाभ मिलेगा जो कि सीरिंज के माध्यम से लंबे समय तक नशा करने से एचआईवी की गिरफ्त में आए हैं। वहीं जो मरीज नशीली दवाओं के आदी हो गए हैं, उन्हें भी इलाज देकर स्वस्थ बनाया जाएगा। यह केंद्र मरीजों को दवाइयां और परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। एक तरीके से नशा मुक्ति केंद्र की तर्ज पर ही यहां मरीजों का इलाज होगा।



ओएसटी केंद्र के संचालन से पूर्व स्टाफ की तैनाती प्रक्रिया आरंभ है। वहीं आगामी सप्ताह तक मरीजों को दी जाने वाली दवाएं व अन्य संसाधन भी शासन स्तर से उपलब्ध करा दिया जाएगा। जल्द ही केंद्र का संचालन आरंभ करने का प्रयास है।
**- डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल।

# घर-घर स्प्रे कार्य का अधिकारी करें सत्यापन

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने जनपद के संचारी रोगों से प्रभावित 37 हाई रिस्क गांवों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गांवों में घर-घर स्प्रे के कार्य का अधिकारी स्वयं सत्यापन करें तथा तालाबों में गम्बूसिया मछलियों को छोड़ा जाए।

एमओआईसी स्वय गांवों का निरीक्षण करें और एंटीलार्वा स्प्रे, फॉगिंग, झाड़ियों सफाई जैसे कार्य युद्धस्तर पर कराएं। प्रत्येक न्याय पंचायत में फॉगिंग मशीन की खरीद सुनिश्चित कराई जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि 10 जुलाई से पूर्व सभी विद्यालयों में मच्छरों से बचाव के लिए तुलसी, मेरीगोल्ड आदि के पौधे बड़े पैमाने पर रोपे जाएं। सभी जन आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ नियमित रूप से उपस्थित रहें, अन्यथा अनुपस्थिति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौशालाओं में स्वच्छता, चूने का छिड़काव और जलभराव रोकने के लिए भी विशेष निर्देश दिए। एमओआईसी को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करें।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है।डीएम ने कहा कि दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर टीमों द्वारा कूलर, टूटे बर्तन, मिट्टी के गमले, टायर, फ्रिज की ट्रे और पानी के भंडारण वाले स्थानों की जांच की जाएगी तथा लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा।



संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक लेते डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह।

- समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

## सात वर्षीय बच्चे के गुप्तांग में डाली लकड़ी, लहूलुहान

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि मंगलवार शाम उसका 7 साल का बेटा घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव में रहने वाला एक 14 साल का किशोर आया और उसके बेटे को चीज और खेत में लगे खीरा दिलाने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ खेत पर ले गया। जहां उसके कपड़े उतार कर उसके गुदा द्वार में लकड़ी डाल दी। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी किशोर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसके बाद किशोर रोता हुआ घर पहुंचा और मामले की जानकारी परिवार के लोगों को दी। घटना के बाद परिजन घायल किशोर को लेकर थाने पहुंचे और तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया।

# स्मैक फैक्ट्री का भंडाफोड़, 7 करोड़ की स्मैक बरामद, 6 गिरफ्तार

## इज्जतनगर क्षेत्र में चल रही थी स्मैक तैयार करने की फैक्ट्री मणिपुर से चाचा लाकर भतीजे को देता था कच्चा माल, भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में मणिपुर से कच्चे माल को लाकर फैक्ट्री में स्मैक बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत छह आरोपियों को पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सात करोड़ रुपये की स्मैक बरामद हुई है।

आरोपियों की पहचान गिरोह सरगना मोहल्ला नई बस्ती सराय कस्वा फतेहगंज पश्चिमी निवासी अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, गांव तिलियापुर के हारून और ग्राम मनकरी निवासी आदेश तिवारी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। जबकि, एजाजनगर गौटिया निवासी अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी फरार हैं।

- एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश जारी

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि बुधवार को तड़के इज्जतनगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रोड नंबर-पांच के पास स्थित रेलवे के आवास के खंडहर में स्मैक बनाते समय दबिश देकर मौके से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 3.526 किलो स्मैक, स्मैक बेचने से मिले 1,46 लाख रुपये नकदी, सात मोबाइल फोन, करीब 10 लीटर एसीटिक एनहाईड्राइड (केमिकल), स्मैक बनाने के उपकरण, स्कूटी और स्विफ्ट कार बरामद हुई। मौके से दो आरोपी अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी टीम को चकमा देकर भागने में सफल रहे। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते एसपी सिटी मानुष पारीक। ● अमृत विचार

### दुकानदार से लेकर गिरोह में कारपेंटर तक शामिल

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना अकरम कारपेंटर का काम करता है, जबकि, आसिफ किराना स्टोर, हारुन कारचोबी, जावेद कारपेंटर, राशिद दर्जी और आदेश तिवारी मोबाइल की दुकान संचालित करता है। सभी आरोपी दिखावे के लिए इस तरह के काम करते हैं, जिससे पुलिस शक न करें और ये सभी मिलकर स्मैक तस्करी का काम करते रहे। अकरम के खिलाफ तीन, आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद पर एक-एक और आदेश तिवारी पर दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### चाचा ने भतीजे को स्मैक तैयार करना सिखाया

पूछताछ में आरोपी अकरम ने बताया कि वह कारपेन्टर का काम करता है। इसकी आड़ में स्मैक तस्करी करता है। इससे पहले भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है। मौजूदा समय में पुलिस के डर से ग्राम महलऊ थाना इज्जतनगर में किराये का मकान लेकर रहता था। उसने बताया कि उसके चाचा अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी कच्चा माल क्रूड (मार्फिन) मणिपुर से लाकर देते हैं। इन्हीं दोनों से उसने कच्चे माल से स्मैक तैयार करना सीखा है। स्मैक तैयार करने के बाद अच्छे मुनाफे पर आस-पास के जिलों समेत दिल्ली में सप्लाई करते थे। इसमें आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद और आदेश तिवारी मदद करते हैं।

### अकरम ने पांच मकान समेत बनाई करोड़ों की संपत्ति

पूछताछ में आरोपी अकरम ने बताया कि स्मैक तैयार करने के बाद इसे आसिफ, भूरा, आरिफ, आविद, सोनू, बिगाड़ा मनसूरी, इकरार चटका और साजन समेत अन्य जिलों के ग्राहकों को भी बेच देते हैं, जिससे अच्छा मुनाफा मिलता है। अकरम ने इसी काम से पांच आलीशान मकान बनवा लिए। इसके अलावा काफी प्रॉपर्टी भी खरीदी है। इसी तरह उसके अन्य साथियों ने भी काफी जमीन-जायदाद खरीदी है। स्मैक के धंधे से इन सभी ने करोड़ों की प्रॉपर्टी बना ली है।

> 7 करोड़ रुपये की स्मैक के साथ पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सभी आरोपियों की प्रॉपर्टी की जांच कराई जा रही है। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत सभी की प्रॉपर्टी जब्त की जाएगी।
> –**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

## नवजात के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा

**भोजपुर/मुरादाबाद, अमृत विचार:** सोमवार की देर शाम पीपलसाना स्थित ईदगाह के पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों को खंडहरनुमा मकान में पॉलिथीन में नवजात का शव मिला था। प्रधान प्रतिनिधि मुजफ़्फ़र ने पुलिस को तहरीर दिए बिना कब्रिस्तान में शव को दफन कर दिया था। खबर वायरल होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी ने बीट कांस्टेबल राहुल कुमार की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि एवं अज्ञात के खिलाफ साक्ष्यों को मिटाने के लिए गुपचुप तरीके से शव को दफनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर शव कब्र से निकालने की अनुमति मांगी थी। डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार भोजपुर पल्लवी वानिया ने मौके पर पहुंचकर शव कब्र से निकलवाया।

# काट रहे कीड़े, लोग हो रहे स्कैबीज का शिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बारिश का मौसम शुरू होने के बाद जिला अस्पताल की त्वचा रोग ओपीडी में स्कैबीज के शिकार होकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

स्कैबीज एक प्रकार का त्वचा का संक्रमण है, जो एक कीटाणु द्वारा होता है। खुजली, चकत्ते और दाने होते हैं। प्रतिदिन अब 40 से 50 मरीज स्कैबीज के ही आ रहे हैं। जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अबिदा ने बताया कि यह कीड़ा एक छोटी सी ब्राउनिश-ग्रे रंग की चींटी की तरह दिखता है। जो लगभग 0.3 मिलीमीटर तक लंबा होता है। यह कीट त्वचा में छेद करते हैं जिससे त्वचा में सुरंगनुमा छेद बन जाते है और उनमें मादा कीट अपने अंडे देती है। अंडे फूटने पर उनसे निकलने वाले कीट त्वचा में दिशाओं में या शारीरिक संपर्क के कारण घर के अन्य व्यक्तियों के शरीर में फैलने लगते हैं। ये कीट कपड़े या बिस्तर पर तीन से चार दिन जिंदा रहते हैं। यह संक्रमण यदि घर में किसी एक को हो जाए तो फिर सभी को होता है। इसलिए परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं।

### प्रारंभिक लक्षण

डॉ. वृंदा सहाय बताती हैं कि स्कैबीज होने पर शरीर पर छोटे लाल-लाल दाने हो जाते हैं। फिर इनमें खुजली होती है। यह खुजली इतनी अधिक होती है कि इससे रात में मरीज सो भी नहीं पाता है। खुजली से घाव तक हो जाते हैं। यह संक्रमण को बढ़ाते हैं।

### बचाव के उपाय

स्कैबीज से बचने के लिए अपने शरीर को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए।

- स्कैबीज कीटाणु को मारने और खुजली से राहत पाने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें।
- स्कैबीज कीटाणु फर्नीचर, कपड़ों और बिस्तर से भी फैल सकते हैं, तो शरीर के साथ-साथ इन चीजों को भी साफ-सुथरा रखें।
- घर और शरीर की नियमित सफाई न करने से हो रही यह समस्या

# एक साल में बर्थ एस्फिक्सिया से 110 बच्चों की थम गई सांसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हर घर में नए मेहमान के आने से खुशियों में चार चांद लग जाते हैं लेकिन थोड़ी सी शिथिलता से इन खुशियों पर ग्रहण लग रहा है। जिला महिला अस्पताल की एसएनसीयू के आंकड़ों पर नजर डालें तो एक साल में 110 नवजातों की सांसें थम गईं। यह आंकड़ा सिर्फ जिला महिला अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों का ही नहीं बल्कि पूरे जिले का है, जिनमें बर्थ एस्फिक्सिया की पुष्टि हुई।

यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें जन्म के समय शिशु सांस नहीं ले पाता या रोता नहीं है। दरअसल, मस्तिष्क तक ऑक्सीजन न पहुंचने के कारण यह समस्या होती है। जन्म लेते ही दुनिया से कूच करने वाले इन शिशुओं में अधिकांश बच्चे वे थे, जो रेफर होकर जिला महिला अस्पताल पहुंचे। पिडियाट्रिशियन डॉ. अंशु माली ने बताया कि साल भर में 3-4 बच्चों के बर्थ एस्फिक्सिया के मामले आते हैं, जिनका जन्म जिला महिला अस्पताल में ही होता है।

मृत्यु दर उनकी शिशुओं की बढ़ी हुई है जो गंभीर हालत में अन्य जिलों, स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्र से रेफर होकर अस्पताल आते हैं। कुछ बच्चों की जान तो बचा ली जाती है लेकिन आसानी से प्रसव न होने की वजह से वे मंद बुद्धि या दिव्यांगता के साथ पैदा होते हैं। तब भी वह दुखदायी ही होता है।

### नवजात सांस नहीं ले पाता या रोता नहीं

जन्म लेने के बाद अगर बच्चा नहीं रोता है तो उसे उल्टा करके शरीर के निचले हिस्से व कमर पर हल्के हाथों से थपथपाया जाता है, जिससे बच्चा रोए। अगर बच्चा नहीं रोता तो उसे ही बर्थ एस्फिक्सिया कहा जाता है। इस स्थिति में बच्चे के मस्तिष्क तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है। सी-पैप से ऑक्सीजन देने का प्रयास किया जाता है लेकिन कुछ ऑक्सीजन न मिलने से बच्चे की जान चली जाती है।

### ब्लडप्रेशर होने पर बढ़ता है खतरा

जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक ने बताया कि ऐसे बच्चे खुद बीमार नहीं होते। कई बार गर्भधारण करने के बाद महिलाएं समय-समय पर जांच कराने में लापरवाही करती हैं, जिस वजह से यह दिक्कत हो जाती है। वहीं, गर्भावस्था के दौरान अगर महिला ब्लडप्रेशर से ग्रसित है तो जन्म लेने वाले बच्चे में बर्थ एस्फिक्सिया होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा समय से पहले प्रसव होना, मां की उम्र कम होना, बच्चा उल्टा पैदा, जुड़वा बच्चों में इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

- कुल गर्भावस्था के दौरान बरती गई लापरवाही से परेशानी उठा रहीं महिलाएं
- गर्भधारण होने के बाद समय पर जांच न कराना बन रहा दिक्कत का मुख्य कारण

## दो बच्चे कुत्तों के हमले में घायल

**बरेली, अमृत विचार:** इज्जतनगर और किला क्षेत्र में दो बच्चों पर कुत्तों ने हमला करके घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

इज्जतनगर क्षेत्र के रहपुरा चौधरी में बुधवार सुबह चार साल का फरमान घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा हुआ था। इस दौरान अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह से बचाया। परिजनों ने नगर निगम से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग की है। वहीं दूसरी घटना किला क्षेत्र के दूल्हा मियां मजार के पास हुई। फारूक का चार साल का बेटा शान बुधवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल इलाज के लिए लेकर गए।

# बेटी पैदा होने पर युवक ने अस्पताल में पत्नी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने बेटी पैदा होने पर साथियों के साथ अस्पताल में पहुंच कर जमकर हंगामा किया। विरोध करने पर पत्नी और उसके परिजनों की जमकर पिटाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को शांत कराया। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला क्षेत्र के स्वालेनगर निवासी शाहरुख ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन उरुज फातमा की शादी डेढ़ साल पहले हुसैन बाग निवासी शमशुल इस्लाम उर्फ कादिर से की थी। उरुज गर्भवती थी और तीन महीने से मायके में रह रही थी। इस दौरान उसका पति एक बार भी उसे देखने नहीं आया। सोमवार रात उरुज को प्रसव पीड़ा होने पर मिनी बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने जच्चा-बच्चा की हालत नाजुक बताकर तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। परिजन लगातार कादिर को फोन करते रहे, लेकिन वह हर बार अभी आ रहा हूं कहकर टालता रहा। रात करीब 10:45 बजे कादिर चार युवकों के साथ अस्पताल पहुंचा। जैसे ही उसे बताया कि उसे बेटी पैदा हुई है तो उसने पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही कहा कि अब तुझे नहीं रखूंगा। जब ससुर शब्बीर अहमद और साले शाहरुख ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पति और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

**(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में।)**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।, **क्रम सं. 1.- खण्ड का नाम** : टनकपुरयार्ड (Excl)- लाइन नं0 16 एवं 17 (Incl), **ऊर्जा प्रवाह की तारीख** : 04.07.2025

**वमंविइं/टीआरडी**

**मुजाधि/विद्युत-72** **इज्जतनगर**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


## सार-संक्षेप

### मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस 27 अगस्त से वाराणसी तक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का विस्तार 27 अगस्त से वाराणसी स्टेशन तक कर दिया है। अब यह ट्रेन मेरठ सिटी से वाराणसी और वाराणसी से मेरठ सिटी तक चलेगी। ट्रेन सप्ताह में नियमित रूप से पूर्व निर्धारित स्टेशनों से होकर गुजरेगी। अधिकारियों के अनुसार 22490 ट्रेन मेरठ सिटी से सुबह 06:35 बजे प्रस्थान करेगी और 08:40 बजे मुरादाबाद, 10:06 बजे बरेली, 13:55 बजे लखनऊ, 15:55 बजे अयोध्या धाम होते हुए शाम 18:25 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी। वहीं 22489 वाराणसी से सुबह 09:10 बजे चलकर 11:42 बजे अयोध्या धाम, 13:50 बजे लखनऊ, 17:15 बजे बरेली, 18:55 बजे मुरादाबाद होते हुए 21:05 बजे मेरठ सिटी पहुंचेगी।

### टनकपुर-मथुरा समर स्पेशल ट्रेन अब अछनेरा तक

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का मार्ग अब अछनेरा तक विस्तार कर दिया है। यह ट्रेन अब 3 से 31 जुलाई तक सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार 05062 टनकपुर-अछनेरा समर स्पेशल टनकपुर से सुबह 04:35 बजे प्रस्थान करेगी और खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, उझानी, सोरों शूकर क्षेत्र, कासगंज, सिकंदराराव, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी होते हुए 11:40 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी और अंत में 12:30 बजे अछनेरा पहुंचेगी। वापसी में 05061 अछनेरा-टनकपुर समर स्पेशल उसी दिन 15:50 बजे अछनेरा से रवाना होकर मथुरा जंक्शन, मथुरा छावनी, हाथरस सिटी, सिकंदराराव, कासगंज, सोरो, उझानी, बदायूं, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, भोजीपुरा, पीलीभीत, खटीमा से होते हुए रात 23:35 बजे टनकपुर पहुंचेगी।

### रेलवे ने 14 स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने 14 स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ा दी है। ये ट्रेनें पूर्व निर्धारित मार्ग, समय, दिन और संरचना के अनुसार ही संचालित होंगी, लेकिन इनकी "पीरियॉडिसिटी" यानी संचालन अवधि अब पहले से अधिक समय तक रहेगी। 09075/09076 मेरठ सिटी-काठगोदाम-मेरठ सिटी साप्ताहिक अब 24 और 25 सितंबर तक चलाई जाएंगी। इसके अलावा 05577/05578 सारनाथ-आनंद विहार-सारनाथ वाया लखनऊ अब 31 जुलाई तक, 03221/03222 राजेन्द्र नगर (पटना)-मुरादाबाद-राजेन्द्र नगर सोमवार/बुधवार को अब 27 और 30 जुलाई तक संचालित होंगी। वहीं 03311/03312 धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद की सेवाएं अब 29 और 31 जुलाई तक, 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक 25 और 26 जुलाई तक चलेंगी। इसके अलावा 05579/05580, 03223/03224 को नई तारीखों तक विस्तारित किया गया है। रेलवे के इस फैसले से उत्तर भारत के प्रमुख मार्गों पर यात्रा कर रहे हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

### हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार** : बहेड़ी थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर तौफीक को बुधवार सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। शेरगढ़ के खजुआ जागीर थाना शेरगढ़ निवासी तौफीक उर्फ गुड्डू पर लूट समेत 28 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बहेड़ी सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 2 जुलाई की तड़के पुलिस टीम गश्त के दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के पास पहुंची तो दीवार के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने टार्च की रोशनी जलाई तो वह दीवार फांद कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस को एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

# ग्रेटर बरेली और नाथ धाम टाउनशिप बनेंगी सेटेलाइट सिटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली और नाथ धाम टाउनशिप को सेटेलाइट सिटी के रूप में विकसित करने का खाका तैयार किया है। इसका मॉडल शासन को भेजा जा चुका है। अधिकारियों को भरोसा है कि शासन से प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। नई टाउनशिप से शहर का तेजी से सुनियोजित विकास किया जा सकेगा।

बीडीए ने सेटेलाइट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए टाउनशिप मॉडल पर काम कर रहा हैं। इसके लिए तैयार किए गए विजन बरेली 2051 का कांसेप्ट प्लान और मॉडल शासन को भेजा गया है। इसके तहत टाउनशिप में छह से आठ जोन बनाए जाने की योजना है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में आधुनिक सुविधाएं अस्पताल, पार्क, मॉल, शॉपिंग काम्पेक्स, जॉगिंग ट्रैक, जिम और खाने-पीने की दुकानों भी विकसित की जाएंगी। सभी जोन को अनुमानित जनसंख्या के हिसाब से सुविधा देने की कार्ययोजना बनाई गई है। इतना ही नहीं कई सरकारी आफिसों को भी इन्हीं टाउनशिप में शिफ्ट करने की तैयारी है।

### मेट्रो रेल से जोड़ने की योजना

बीडीए आने वाले समय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। जिन जगहों पर बड़ी आबादी के लिए आवासीय और व्यावसायिक भवन बनाए जा रहे हैं उन क्षेत्रों में मेट्रो की सुविधा के विकास को लेकर पहले से ही तैयारी की जा रही है। ट्रैफिक मोबिलिटी प्लान और राइट्स की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आबादी बढ़ने के साथ ही वाहनों की संख्या बढ़ेगी, ऐसे में योजना में इसका भी खाका खींचा गया है।

- बरेली विकास प्राधिकरण ने नई टाउनशिप का मॉडल बनाकर शासन को भेजा
- जोन और सेक्टर में बांट कर अधिक से अधिक सुविधाएं देने का प्रस्ताव तैयार

> नई टाउनशिप को लेकर प्राधिकरण तेजी से काम कर रहा है। इसके लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया होनी है। सुनियोजित विकास के साथ सेटेलाइट टाउनशिप को विकसित किया जाएगा।
> –**एपीएन सिंह**, अधिशासी अभियंता, बीडीए

## फार्म पर नहीं प्रिंट हो रहा स्नातक व परास्नातक, सत्यापन में अड़चन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शैक्षिक सत्र 2025-26 में रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए अनिवार्य समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में तकनीकी गड़बड़ी सामने आ रही है। बरेली कॉलेज सहित विभिन्न संबद्ध कॉलेजों में जमा हो रहे फॉर्म में सबसे बड़ी समस्या यह है कि आवेदन पत्र पर यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि फार्म स्नातक या परास्नातक का है। इसकी वजह से सत्यापन प्रक्रिया अटक गई है।

कॉलेजों के अनुसार 30 जून के बाद से फार्म आने बंद नहीं हुए हैं लेकिन उनकी जांच में दिक्कत हो रही है। समर्थ पोर्टल पर दर्ज फॉर्म का प्रिंट लेने पर कई बार उस पर न तो स्नातक और न परास्नातक लिखा रहा है। इससे दस्तावेजों का मिलान कर पाना मुश्किल हो रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि इस बार कुछ फर्जी फॉर्म भी भरे गए हैं, जिन्हें समय रहते पकड़ा जा रहा है। कॉलेजों की ओर से विवि प्रशासन को तकनीकी गड़बड़ी की जानकारी दे दी गई है और जल्द समाधान की मांग की गई है। अगर समस्या शीघ्र नहीं सुलझी, तो न केवल सत्यापन प्रक्रिया में देरी होगी बल्कि मेरिट सूची जारी करने में समय लग सकता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

दिनांक- 02-07-2025

**नीलामी सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है की गौशाला सैफुल्लागंज विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 04-07-2025 को दोपहर 02 बजे पंचायत घर पर की जाएगी।

प्रधान सचिव

**OFFICE, ZILA BASIC SHIKSA ADHIKARI,LAKHIMPUR KHERI**
Adress:- Near Vikas Bhavan, Lakhimpur Kheri, (UP), Pin 262701
Email:- mislakhimpur@gmail.com

Reference: SSA 2018-13/2025-26 Date - 01-07-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Office of the Zila Basic Shiksha Adhikari, Lakhimpur-Kheri, invites Bids for "Purchasing of Children Friendly Furniture in Primary School having Co- Located Anganwadi Centers" via tender Number GEM/2025/B/6196008. The Request for Proposal document shall be made available from the Gem Portal website https://gem.gov.in/ on Dt 02.07.2025. Interested Parties may Download/upload their proposal form Dt 02.07.2025 To 23.07.2025 Till 05:00 hrs. The bids received by interested parties shall be opened in the presence of the respective tender evaluation committee on 24.07.2025 at 11:30 hrs. Details regarding the tender shall be made available on https://gem.gov.in/

**Zila Basik Shiksa Adhikari**
**Lakhimpur-Kheri (UP)**

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं. 105 / 2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि गाड़ी संख्या 05062 / 05061 टनकपुर - मथुरा विशेष गाड़ी का विस्तार अचनेरा स्टेशन तक किया जा रहा है, तथा गाड़ी संख्या 05062 / 05061 टनकपुर-अचनेरा के रूप में संचालित की जायेगी। विस्तृत विवरण निम्नवत् है :-



**गाड़ी सं० 05062 / 05061 टनकपुर-अचनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी**

**गाड़ी सं. 05062 - टनकपुर से प्रत्येक बुधवार व रविवार को छोड़कर, दिनांक 03.07.2025 से 31.07.2025 तक**

**गाड़ी सं. 05061 - अचनेरा से प्रत्येक बुधवार व रविवार को छोड़कर, दिनांक 03.07.2025 से 31.07.2025 तक**

| 05062 टनकपुर - अचनेरा | | | 05061 अचनेरा - टनकपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04.35 | टनकपुर | 23.35 | --- |
| 04.58 | 05.00 | खटीमा | 22.48 | 22.50 |
| 05.30 | 05.32 | पीलीभीत | 22.13 | 22.15 |
| 06.03 | 06.05 | भोजीपुरा | 21.36 | 21.38 |
| 06.20 | 06.22 | इज्जतनगर | 21.18 | 21.20 |
| 06.40 | 06.45 | बरेली सिटी | 20.55 | 21.00 |
| 06.55 | 06.57 | बरेली | 20.35 | 20.37 |
| 07.38 | 07.40 | बदायूँ | 19.33 | 19.35 |
| 07.51 | 07.53 | उझानी | 19.20 | 19.22 |
| 08.18 | 08.20 | सोरों | 18.53 | 18.55 |
| 08.50 | 09.00 | कासगंज | 18.30 | 18.40 |
| 09.22 | 09.24 | सिकंदराराव | 17.53 | 17.55 |
| 10.03 | 10.05 | हाथरस सिटी | 17.26 | 17.28 |
| 11.10 | 11.12 | मथुरा छावनी | 16.55 | 16.57 |
| 11.30 | 11.40 | मथुरा | 16.35 | 16.45 |
| 12.30 | --- | अचनेरा | --- | 15.50 |

मुजाधि/टी– 22 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 33/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : 1. इज्जतनगर डिवीजन के अन्तर्गत ऑटो कोरिनेटर्स के लिए ए.एम.सी. एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति (इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूँ, कासगंज, मथुरा, पीलीभीत, काठगोदाम, फतेहगढ़ एवं कन्नौज में 3 वर्षों के लिए कुल 43 पम्पिंग स्टेशन)। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,07,02,553.20, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,03,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 36 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 24.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), मुजाधि/डब्लू – 144 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10 Date - 30.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : मैकेनिकल वर्कशॉप इज्जतनगर में वैगन पॉकेट यार्ड और शंटिंग लाइनों के विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,29,60,966.31, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,64,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 Months ● खुली ई-निविदा दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ मुजाधि/विद्युत –73 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा सादात वि.खं. नवाबगंज, बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टाडा सादात वि.खं. नवाबगंज जिला बरेली वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यो को कराए जाने हेतु रेता-सीमेन्ट ईट, बजरी, लोहा, सामान की सामग्री, आवश्यक रूप से सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 03.07.2025 को 10 बजे से 04.07.2025 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 04.07.2025 दोपहर 2 बजे पंचायत घर कार्यालय टाडा सादात में खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | गुलाम गोस की जगह से तालाब तक सी.सी. नाली निर्माण। | 665000 |
| 2 | जुलफिकार के घर से भूरा के घर तक सी.सी. नाली निर्माण। | 690000 |

**हुस्न बानो** **विपिन सक्सेना**
**ग्राम प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहाँपुर**

**पत्रांक :- 1175/डूडा/ई-निविदा/2025-26** **दिनांक 02.07.2025**

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहांपुर द्वारा संचालित मूलभूत नगरीय सुविधायें एवं आवास (एस0सी0एस0पी0) योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत इण्टरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण आदि कार्यो से सम्बन्धित 02 निर्माण कार्यो के लिये द्वितीयवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 03.07.2025 से दिनांक 16.07.2025 तक सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का विवरण एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उक्त निविदायें निर्धारित समयान्तर्गत डाउनालोड/अपलोड किये जा सकते हैं। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 17.07.2025 को समय अपरान्ह 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। अगर किसी कारणवश कोई अवकाश पड़ जाता है या कार्यालय बन्द होता है तो अगले कार्यदिवस में उसी समय निविदायें खोली जायेगी।

**परियोजना अधिकारी**
**जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)**
**शाहजहाँपुर**

# ग्रोथ प्रमोटर व ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड से बढ़ेगा उत्पादन

## योगी सरकार हर जिले में पंचगव्य आधारित नवाचार से खोलेगी रोजगार के द्वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक दूरगामी योजना तैयार की है। इसके तहत राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा।

पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा

- गोबर-गोमूत्र व जीवामृत का व्यापक स्तर पर होगा उपयोग



सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि संभावित है।

इस कवायद में गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द शुरू किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा।

### राज्यव्यापी निरीक्षण के आधार पर बनी रणनीति

गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा संभावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरंभ होगा। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

# शीघ्र और पारदर्शी हो जन समस्याओं का समाधान

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

पर बैठाए गए लोगों तक योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कल करेंगे आम महोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

### ओबीसी युवाओं को मिलेगा निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पिछड़े वर्ग के युवाओं को निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण योजना के तहत 14 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। युवाओं को 'ओ लेवल' व 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के जरिये आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं।

# देशभर में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर जताया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बुधवार को देशभर में बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में राजधानी समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी शामिल हुए। इस बीच, बिजली कर्मियों ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के सभी प्रांतों के अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी प्रदर्शन में शामिल हुए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश समेत हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा व हिसार में विरोध-प्रदर्शन किए गए। प्रदेश में और कई प्रांतों में बिजली कर्मचारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों और कई





निजीकरण के विरोध में राजधानी लखनऊ में रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

- किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी प्रदर्शन में हुए शामिल
- 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

उपभोक्ता संगठनों ने संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

प्रदेश में वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध-प्रदर्शन किया गया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम व रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयोजित सभा को इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सोनभद्र के मजदूर नेता दिवाकर कपूर, राष्ट्रीय कुली मजदूर संघ के राम सुरेश यादव, अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### भ्रामक आंकड़े देकर किया जा रहा निजीकरण

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उप्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। प्रदेश के बिजली कर्मी बीते 7 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, पर राज्य सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की।

### बिना बिजली खरीद के हो रहा निजी कंपनियों को भुगतान

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ रुपये का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उप्र. में सरकारी विभागों पर 14,400 करोड़ रुपये का बिजली राजस्व का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र. पावर कॉरपोरेशन व शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत है।

# रिक्त होने वाले पदों की चयन प्रक्रिया में विलंब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभागों की ओर से प्रस्ताव न देने पर शासन नाराज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 जून 2026 तक पदोन्नति के बाद विभागों में रिक्त होने पर पदों पर नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया करने की हिदायत दी थी। प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होनी थी, मगर विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली से चयन प्रक्रिया शुरू करने होने में विलंब हो रहा है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार ने चेतावनी देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभागों में वर्तमान में लंबित पदोन्नति के साथ ही आगामी 30 जून 2026 तक पदोन्नति से भरी जाने वाली रिक्तियों की गणना 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण कर, 15 अगस्त 2025 तक चयन प्रक्रिया शुरू कर ली जाए, अन्यथा अपर मुख्य सचिव व सचिव को विलंब की वजह स्पष्ट करनी होगी। मुख्य सचिव ने बुधवार को समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2025 से चयन वर्ष शुरू हो रहा है, मगर पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया शुरू होने में विलंब हो रहा है, जिसकी वजह से विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर समय पर नियुक्ति नहीं हो पाएंगी।

# सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले। यह फैसला गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ये फैसला वापस नहीं लेती है तो बसपा की सरकार आने पर इस फैसले को निरस्त किया जाएगा।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है, यह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी व गरीब-विरोधी प्रतीत होता है। उन्होंने रेलवे टिकट महंगे करने और बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश लोग महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व कमाई घटने से परेशान हैं। ऐसे में रेल का किराया बढ़ाना जनहित के खिलाफ है। यह संविधान के कल्याणकारी उद्देश्य के बजाय व्यवसायिक सोच वाला फैसला ज्यादा लगता है।

# विकास निधि का ट्री-गार्ड में प्रयोग करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वन राज्यमंत्री ने की वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार :** वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि का एक प्रतिशत जन प्रतिनिधि ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए सड़क किनारे पौधरोपण के लिए प्रयोग करें। कृषि वानिकी को प्राथमिकता देते हुए हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ का प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही उन्होंने रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' ने जीवन की आधारशिला को जोड़ा है।

वन मंत्री ने बुधवार को वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में 35 करोड़ पौधों के रोपण को सफल बनाने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, व अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, प्रदेश में गत वर्षों में संपन्न वृक्षारोपण से लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है। डॉ.अरूण सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान 2025 में प्रदेश का पौधरोपण लक्ष्य 35 करोड़ है, जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों का लक्ष्य 22.4 करोड़ है।

# जातिगत जनगणना वंचित समुदायों की स्थिति उजागर करेगी : अनुप्रिया

## डॉ.सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना का सपना डॉ.सोने लाल पटेल ने देखा था, इसलिए अपना दल ने अपनी स्थापना के समय से ही जातिगत जनगणना का समर्थन किया है। केंद्र सरकार ने इस सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। यह देश की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी और उन वंचित समुदायों की स्थिति को उजागर करेगी, जो विकास की रोशनी से वंचित हैं।

अनुप्रिया पटेल चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में डॉ.सोनेलाल पटेल



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करतीं अपना दल-एस अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

की जन्मजयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। अपना दल ने डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया है। इस मौके पर अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र केवल ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमें उत्तर प्रदेश में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा।

राज्य सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल किसी भी षड्यंत्र से डरने वाले नहीं है, हम हर पीड़ित के साथ खड़े हैं और हर वार का जवाब देंगे।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।

## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।

4. बहुधा, प्रायः, अनेक बार, बार-बार।

5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।

8. सार्वजनिक इमारतों

10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**


1. वह स्थान जहां चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।

3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।

6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।

7. 1. कठिनता से घुसना।

9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -19 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | | | | 2 स |
| | | | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | | | ह |
| न | | | पि | | 5 दे | |
| फू | | 6 उ | त | रा | व | |
| ल | | मा | | | रा | |
| | | | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## सुडोकू -27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 1 | | 7 | | |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | | | | 5 |
| | | 4 | | 2 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| 1 | | | | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| | | 7 | | 3 | | 5 | 8 | 2 |

### सुडोकू - 26 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी-14.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 13.50 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें।

**मिथुन** — आज दोपहर के समय आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**कर्क** — आज विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**सिंह** — आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और संक्रमण की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे।

**तुला** — आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक** — आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे।

**धनु** — आज आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है।

**मकर** — आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे।

**कुंभ** — आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। प्रबंधन कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए।

**मीन** — आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

**वाशिंगटन, एजेंसी**


अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति शृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति शृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति शृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।

## अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाले इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

## क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।

## विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख से धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

**मुंबई, एजेंसी**



व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई, विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइंट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।

## 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय

# चीनी नागरिक से जुड़े साइबर फ्राड मामले में ईडी का छापा

## 900 करोड़ की धोखाधड़ी में दिल्ली में पांच जगहों पर छानबीन

**नई दिल्ली, एजेंसी**


प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है। इस मामले में छानबीन जारी है।

### साइबर धोखाधड़ी में जामताड़ा से तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने पारंपरिक आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली और कई घंटे तक दूर से संदिग्धों पर नजर रखी। दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया है।



#### दिल्ली के साइबर थाने में दर्ज हुआ था मामला

दिल्ली के पालम निवासी केसी बर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588.82 रुपये भुगतान हो गए हैं। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दे।

# मंडी में बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल प्रदेश में बारिश से हर तरफ तबाही, 34 की तलाश जारी

**शिमला, एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया।

## देश में 11 नदी चेतावनी स्तर के पार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

## दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे।

# पत्नी और बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, उन्हें सम्मान से वंचित करना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- दिल्ली हाईकोर्ट ने भरण-पोषण के मामले में की टिप्पणी

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को अंतरिम भरण-पोषण आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है। एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं।

### भरण-पोषण कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है... यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम व महेश को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा।

# केंद्र ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया, प्रति व्यक्ति कर्ज बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।

## धन शोधन के मामले में सीए को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल से जुड़े 1,460 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन में कथित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने कहा कि अनंत कुमार अग्रवाल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य की जांच के सिलसिले में 25 जून को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

# अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

**चंडीगढ़, एजेंसी**


- पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका व परमबंस को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए।



## एक नजर

### वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अब तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया।

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12 .78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए


**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2 .3 के तहत निलंबित कर दिया था।

# गिल के शतक से भारत के पांच विकेट पर 310 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : जायसवाल शतक से चूके, केएल राहुल और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट




**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी लगातार दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट पर 310 रन बना लिए। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह के बगैर अंतिम एकादश में तीन हरफनमौलाओं को लेकर उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में संतुलित प्रदर्शन किया। लीड्स की ही तरह एडबस्टन की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार है और बुमराह की गैर मौजूदगी में भारत को 500 रन का स्कोर बनाना होगा।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेज 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाये जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए।

गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया। कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह मिली है जबकि कलाई के स्पिनर कुलदीप फिर बाहर हैं। पहले मैच में 20 विकेट लेने में नाकाम रहने के बाद कुलदीप को टीम से बाहर रखने के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं।


50 रन पूरा करने पर जश्न मनाते भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल।

**भारत पहली पारी**

**310/5** (85 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| केएल राहुल बो वोक्स | 02 |
| करूण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल नाबाद | 114* |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 41* |

**अतिरिक्त :** 9 रन, **गेंदबाजी :** वोक्स 21-6-59-2, कार्स 16-2-49-1, टंग 13-0-66-0, स्टोक्स 15-0-58-1, बशीर 19-0-65-1, रूट 1-0-8-0

# लॉड्र्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

**बर्मिंघम, एजेंसी**





भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

# क्लासिकल शतरंज के लिए अधिक प्रयास की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच ने दर्ज की जीत, गॉफ-ज्वेरेव बाहर




**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है।

### सबालेंका तीसरे दौर में

नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका दूसरे दौर का पहला सेट गंवाने से दो अंक के फासले पर थी, लेकिन उन्होंने मैरी बूजकोवा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

### युकी-गैलोवे की जोड़ी दूसरे दौर में, बोपन्ना बाहर

भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी व उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना व बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से सीधे सेट में हारकर बाहर हो गई। वहीं भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन से तीसरे सेट का टाई ब्रेकर खेल रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी व उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

# भारत ने इंग्लैंड को 24 रन से हराया

- अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने जड़ा अर्धशतक

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

**आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा**

**दुबई, एजेंसी**

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमश: दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।


वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, आयुष हारे

**कैलगरी, एजेंसी**

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**


किदाम्बी श्रीकांत

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारतीय युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

# अगले दिन सुबह 5 से 2 बजे तक की ट्रेनों का आरक्षण चार्ट रात में

- रेलवे बोर्ड ने जारी किए निर्देश कार्यान्वयन की तिथि तय नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे अगले दिन सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए रात नौ बजे तक आरक्षण चार्ट तैयार करेगा, जबकि बाकी ट्रेनों के लिए यह आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

वर्ष 2015 से पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन के निर्धारित समय से चार घंटे पहले तैयार किया जाता रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा के लिए नियम में बदलाव किया गया है। रेलवे बोर्ड ने दो जुलाई को सभी जोन को निर्देश दिया, सुबह पांच से दोपहर दो बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे तक तैयार किया जाएगा।

दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा। परिपत्र में सभी जोन को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया, लेकिन इसके कार्यान्वयन की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है, न ही दूसरे आरक्षण चार्ट को तैयार करने में किसी बदलाव का उल्लेख किया गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले चार्ट तैयार होने के बाद, यदि सीट खाली रह जाती है, तो यात्री इन्हें ट्रेन के रवाना होने से ठीक पहले बुकिंग सुविधा के तहत आरक्षित करा सकते हैं।

# पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है।

मस्क ने हाल ही में सीनेट में पारित वन बिग ब्यूटीफुल बिल को पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे,भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा,जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए।

## दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्ययम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफेरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### अफ्रीकी संघ का सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में देर शाम 7 :45 बजे तलाश और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके की घेराबंदी करने और आतंकवादियों को मार गिराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं।

### पाकिस्तान में विस्फोट, चार सरकारी अफसर मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी


## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई,जबकि कई घायल हो गए।

हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं। संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।



क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

### समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। कहा, हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। इनमें अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।

### जयशंकर ने अमेरिका के तीन शीर्ष मंत्रियों के साथ बातचीत की

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के बीच वार्ता के दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। जयशंकर ने अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता भी की। ये बैठकें मंगलवार को 'क्वाड' समूह के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन से इतर हुईं। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद, जयशंकर और रुबियो की यह पहली बैठक थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, व्यापार, सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, संपर्क और ऊर्जा सहित हमारी द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर दृष्टिकोण साझा किए।

# पांच देशों की यात्रा पर निकले मोदी घाना पहुंचे, जोरदार स्वागत



परंपरागत ढंग से किया मोदी का स्वागत।

**अक्करा (घाना)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे, जहां वह पश्चिम अफ्रीकी देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगे और मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करेंगे।

घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी की हवाई अड्डे पर अगवानी की, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही, यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा द्वारा स्वागत किए जाने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। घाना से मोदी तीन से चार जुलाई तक त्रिनिदाद और टोबैगो की करेंगे। तीसरे चरण में मोदी चार से पांच जुलाई तक अर्जेंटीना का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के चौथे चरण में मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार,ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन,विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

# चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना खारिज की

**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को बुधवार को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी। इस तरह चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ तिब्बती बौद्ध के दशकों पुराने संघर्ष में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को कहा कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी और केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट को उनके उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार होगा। इसके साथ दलाई लामा ने इस अनिश्चितता को समाप्त कर दिया कि उनके बाद उनका कोई उत्तराधिकारी होगा या नहीं। गादेन फोडरंग ट्रस्ट की स्थापना दलाई लामा ने 2015 में की थी। दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले उनकी यह घोषणा बीजिंग के साथ तनाव बढ़ाने वाली है।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश



धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।



- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट के तहत 31 दिन में तैयार की 790 मीटर लंबी सुरंग

परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने कहा, यह 13.09 किलोमीटर लंबी सुरंग डाउनलाइन है जो 14.57 किलोमीटर लंबी अपलाइन सुरंग से समानांतर और 25 मीटर की दूरी पर है। अपलाइन सुरंग की खुदाई का काम इसी साल 16 अप्रैल 2025 को पूरा कर लिया गया था।

# शी चिनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया। शी सत्ता में अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान हमेशा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

## विवाद

**कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा**

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

नई दिल्ली,एजेंसी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।




मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।